राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 252
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
बुधवार 06 अगस्त 2025
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट | पेज 3 डीएम ने असलहा बाबू को हटाया | पेज 4 शहर में जलभराव का जिलाधिकारी ने लिया जायजा | पेज 6 हमारी टीम ने हर चुनौती का पूरी ताकत से मुकाबला किया : ऋषभ

## संक्षिप्त खबरें

### जयपुर में सचिन पायलट पर वाटर कैनन चलाई

**जयपुर।** राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर मंगलवार को NSUI ने जयपुर में प्रदर्शन किया। शहीद स्मारक पर छात्र सभा में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट समेत पार्टी के कई नेता पहुंचे। NSUI कार्यकर्ताओं ने सीएम आवास का घेराव करने के लिए आगे बढ़ने की कोशिश की। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए पानी की बौछार की। पायलट पर भी वाटर कैनन चलाई। पुलिस ने लाडनूं विधायक मुकेश भाकर, NSUI प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ समेत 36 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। प्रदर्शन के दौरान NSUI के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी का मोबाइल फोन चोरी हो गया।

### बीकानेर में विदेशी महिला टूरिस्ट से रेप

**बीकानेर।** बीकानेर के होटल में विदेशी महिला टूरिस्ट से रेप हुआ है। लालगढ़ इलाके में हुई इस घटना के संबंध में बिछवाल थाने में लिखित रिपोर्ट दी गई है। पुलिस ने होटल से एक युवक को डिटेन भी किया है। वह इवेंट मैनेजर है। उससे पूछताछ की जा रही है। सीओ सदर विशाल जांगिड़ ने बताया- विदेशी महिला वर्किंग वीजा पर भारत में है। वह बीकानेर के शहरी एरिया किराए पर अपार्टमेंट लेकर रहती है। आरोप है कि 2 अगस्त को महिला को युवक डिनर के बहाने होटल ले गया था। वहां रेप की वारदात को अंजाम दिया। घटना के सामने आते ही पुलिस ने युवक को राउंडअप कर लिया।

### छठी वर्षगांठ



श्रीनगर में संविधान के अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35ए को निरस्त किए जाने की छठी वर्षगांठ पर सुरक्षाकर्मी सड़क पर पहरा देते हुए।

## लाल किले में डमी बम डिटेक्ट नहीं कर पाए पुलिसकर्मी : 7 सस्पेंड

नई दिल्ली। दिल्ली के लाल किले की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी एक डमी बम का पता नहीं लगा पाए। इसके बाद कॉन्स्टेबल और हेड कॉन्स्टेबल समेत सात पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। घटना 2 अगस्त की है। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को लेकर पुलिस रोजाना अभ्यास करती है। स्पेशल सेल की एक टीम शनिवार को सादे कपड़ों में मॉक ड्रिल के लिए पहुंची थी। वे अपने साथ एक नकली बम लेकर लाल किले में दाखिल हुए। उस समय, लाल किले की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी बम डिटेक्ट नहीं कर सके।

पुलिसकर्मियों को सुरक्षा में लापरवाही बरतने के कारण निलंबित कर दिया गया है। लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह आयोजित होता है। इसमें पीएम मोदी देश को संबोधित करते हैं।

# उत्तराखंड के धराली में बादल फटा, गांव जमींदोज

### 34 सेकेंड में सैकड़ों घर-होटल मलबे में दबे; 4 की मौत, 50 से ज्यादा लापता

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी के धराली गांव में मंगलवार दोपहर 1.45 बजे बादल फटने से भारी तबाही मच गई। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा लोग लापता हैं।


प्रशासन का कहना है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। SDRF, NDRF, ITBP और आर्मी की टीमें बचाव और रेस्क्यू के काम में जुटी हैं। अब तक 130 से ज्यादा लोगों का रेस्क्यू किया गया है।

खीर गंगा नदी में पहाड़ों से बहकर आए मलबे से धराली का बाजार, मकान और होटल बह गए। सिर्फ 34 सेकेंड में सब कुछ बर्बाद हो गया।

धराली के अलावा हर्षिल और सुक्की में बादल फटा है। हर्षिल इलाके में बादल फटने से सेना के 8 से 10 जवानों के लापता होने की खबर है।

इस आपदा के कई वीडियो सामने आए। इनमें लोग जान बचाने के लिए यहां-वहां भागते नजर आए। चारों तरफ चीख-पुकार मच गई।

जो लोग इसके वीडियो बना रहे थे, वो लोगों से दूरी होने के बाद भी चिल्ला-चिल्लाकर बचने के लिए कह रहे थे। आपदा के बाद धराली में 30 फीट तक मलबा जम गया। बाजार की कई दुकानें और आसपास के मकान जमींदोज हो गए।




### धराली गंगोत्री धाम से 18 किमी दूर

धराली गांव उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में स्थित एक छोटा पहाड़ी गांव है। यह गांव भागीरथी नदी के किनारे, हर्षिल घाटी के पास बसा हुआ है।

धराली गांव गंगोत्री यात्रा का एक प्रमुख पड़ाव है। गंगोत्री धाम से पहले यह अंतिम बड़ा गांव है, जहां से लोग आगे की कठिन चढ़ाई के लिए रुकते हैं। तीर्थयात्रियों को यहां रहने और खाने की सुविधा मिलती हैं। देहरादून से 218 किमी और गंगोत्री धाम से 18 किमी दूर है। अब तक यह सामने नहीं आया है कि आपदा के वक्त यहां कितने लोग मौजूद थे। प्रशासन का कहना है कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का निधन




### बिहार सहित 4 राज्यों के राज्यपाल रहे

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में निधन हो गया। उन्होंने दोपहर 1:12 बजे अंतिम सांस ली। सत्यपाल मलिक लंबे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। 11 मई को हालत ज्यादा बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वे जम्मू-कश्मीर, बिहार, गोवा और मेघालय के राज्यपाल रहे। 2018 में ओडिशा के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला। सत्यपाल 23 अगस्त 2018 से 30 अक्टूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल रहे। इन्हीं के कार्यकाल के दौरान ही आज ही के दिन 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को हटाया गया था।

### भ्रष्टाचार का आरोप लगा था

सीबीआई ने 22 मई को सत्यपाल मलिक समेत 5 लोगों के खिलाफ जम्मू-कश्मीर के किरू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें करीब 2,200 करोड़ रुपए के सिविल वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट में गड़बड़ी का आरोप है। सीबीआई ने इसी मामले को लेकर 22 फरवरी 2024 को सत्यपाल मलिक के ठिकाने पर छापा मारा था। साथ ही दिल्ली में 29 अन्य ठिकानों पर भी रेड की थी।

# झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन का हुआ अंतिम संस्कार

### हेमंत सोरेन ने दी मुखाग्नि, राहुल गांधी और खड़गे भी शामिल हुए

**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन का आज यानी मंगलवार को उनके पैतृक गांव नेमरा (रामगढ़) में अंतिम संस्कार किया गया। सीएम हेमंत सोरेन ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शामिल हुए।

रांची से रामगढ़ जाने के दौरान कई जगह लोगों ने श्रद्धांजलि दी। सड़क किनारे समर्थक खड़े थे और शिबू सोरेन अमर रहे के नारे लगा रहे थे।

इससे पहले मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में लोगों ने मोरहाबादी स्थित उनके आवास पर गुरुजी के अंतिम दर्शन किए और श्रद्धांजलि दी।



शिबू सोरेन के करीबियों में गिने जाने वाले पूर्व सीएम चंपाई सोरेन भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे। इसके साथ ही पूर्णिया सांसद पप्पू यादव, आप सांसद संजय सिंह अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए रांची पहुंचे। फिर पार्थिव शरीर उनके आवास से विधानसभा पहुंचा। जहां राज्यपाल संतोष गंगवार, स्पीकर रवींद्र महतो समेत कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

पूर्णिया सांसद ने पूर्व सीएम को आदिवासी अस्मिता और संघर्ष का प्रतीक बताते हुए ङ्क पर लिखा- शिबू सोरेन जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। झारखंड सरकार के मंत्री इरफान अंसारी ने भी भारत रत्न देने की मांग की है।

### सोमवार को दिल्ली में हुआ निधन

सोमवार की सुबह 8: 56 बजे शिबू सोरेन ने दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में अंतिम सांस ली। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक्स पर लिखा- दिशोम गुरु हम सभी को छोड़कर चले गए हैं। आज मैं शून्य हो गया हूं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अस्पताल पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# मणिपुर में छह महीने के लिए बढ़ाया राष्ट्रपति शासन

**नई दिल्ली।** मणिपुर में राष्ट्रपति शासन को 13 अगस्त के बाद छह महीने के लिए बढ़ाने के प्रस्ताव को संसद ने मंजूरी दे दी। पिछले सप्ताह लोकसभा द्वारा पारित प्रस्ताव को मंगलवार को राज्यसभा ने भी मंजूरी दे दी।

### इस मामले पर विपक्षी सांसदों ने विरोध जारी रखा

बिहार की मतदाता सूची मुद्दे पर जब विपक्षी सांसदों ने विरोध जारी रखा, तो उपसभापति हरिवंश ने कहा, यह वैधानिक प्रस्ताव है। सांसदों के रूप में हम सभी को संवैधानिक प्रविधानों का पालन करना होगा। इनकी समयसीमा होती है।



गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सदन में प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि आरक्षण पर विवाद से संबंधित अदालत के आदेश के कारण मणिपुर में दो समुदायों के बीच दरार पैदा हो गई है। जो लोग इसे धार्मिक हिंसा कहते हैं, वे गलत हैं।

### मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू हुए आठ महीने

मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू हुए आठ महीने हो गए हैं। हिंसा की केवल एक घटना सामने आई है। बाद में, राज्यसभा ने ध्वनिमत से प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस वर्ष फरवरी में मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के पद छोड़ने के बाद मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया था।



## हैप्पी मॉर्निंग

गोलू- यार सोनू आजकल जमाना बहुत खराब चल रहा है
सोनू- क्यों क्या हुआ?
गोलू- कुछ नहीं यार, मैं एक तालाब में पानी को घूर कर देख रहा था तभी एक मछली बाहर आकर बोली- तुम्हारे घर में मां-बहन नहीं है, जो मुझे देख रहे हो.....



## शायरी

जनम जात मत पूछिए, का जात अरू पात।
रैदास पूत सब प्रभु के, कोए नहिं जात कुजात॥

# पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाला डीआरडीओ कर्मी गिरफ्तार, सुरक्षा एजेंसियों की थी नजर

**जयपुर।** सुरक्षा एजेंसियों ने सोमवार देर रात पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले डीआरडीओ कर्मी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित का नाम महेंद्र प्रसाद है वह उत्तराखंड के अल्मोड़ा का रहने वाला है।

### पैसे के लालच में पाकिस्तान के लिए कर रहा था जासूसी

महेंद्र वर्तमान में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे जैसलमेर में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के विश्राम गृह के प्रबंधक के तौर पर काम कर रहा था। यह विश्राम गृह सामरिक दृष्टि से काफी संवेदनशील माना जाता है। इसमें भारतीय सेना के अधिकारी, विशेषज्ञ और वैज्ञानिक नियमित रूप से आकर ठहरते हैं।



सैन्य खोज, परीक्षण, अभ्यास और कार्रवाई को लेकर यहां बैठक होती रहती है। जैसलमेर के जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे ने बताया कि आरोपित को मंगलवार को संयुक्त जांच कमेटी को सौंपा गया है। अब संयुक्त जांच कमेटी आरोपित से पूछताछ करेगी।

# अब साबरमती रिवर क्रूज भी बंद होने की कगार पर

### ऑपरेट करने वाली कंपनी को 3.5 करोड़ का नुकसान

**अहमदाबाद।** साल 2023 में साबरमती रिवरफ्रंट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एसआरएफडीसीएल) ने साबरमती रिवरफ्रंट पर पहली बार रिवर क्रूज सेवा शुरू की थी। लेकिन, नदी का पानी कम होने के चलते बड़े जोर-शोर से शुरू किया गया यह रिवर क्रूज अब बंद होने की स्थिति में है। इस तरह जिपलाइन, सी प्लेन और हेलीकॉप्टर की सवारी समेत पीएम मोदी का अहमदाबाद का यह चौथा ड्रीम प्रोजेक्ट भी बंद होने की कगार पर है।



गौरतलब है कि साबरमती नदी पर चलने वाला अक्षर रिवर क्रूज पिछले दो महीने से लगातार बंद चल रहा है। रिवर क्रूज चलाने वाले अक्षर ग्रुप को 3 से 3.5 करोड़ रुपए का आर्थिक नुकसान हो चुका है। इसके चलते इस प्रोजेक्ट को भी मुश्किलों से आगे खींचा जा रहा है।

सीप्लेन, हेलीकॉप्टर की सवारी समेत 3 प्रोजेक्ट बंद हुए केवड़िया सी-प्लेन प्रोजेक्ट वर्ष 2020 में बड़े जोर-शोर से शुरू किया गया था, लेकिन साबरमती नदी के पानी और दूसरी तकनीकी दिक्कतों की वजह से उस प्रोजेक्ट को भी बंद करना पड़ा। इसके बाद रिवरफ्रंट पर रोमांच के लिए जिपलाइन शुरू की गई, उसे भी बंद करना पड़ा। साल 2024 में हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की गई, जिसमें अहमदाबाद का नजारा देखने के लिए ये हेलीकॉप्टर की सवारी शुरू की गई, हालांकि, सीप्लेन की तरह ऐसी स्थिति पैदा हुई कि इसे भी कुछ ही समय में बंद करना पड़ा। करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट लॉन्च होते हैं और खर्च भी होते हैं, लेकिन ऐसे प्रोजेक्ट में कहीं भी ठीक से प्लानिंग न होने की वजह से उन्हें बंद करना पड़ता है।

## अर्थसार



सेंसेक्स:
80,710.25
-308.47 (0.38%)
निफ्टी:
24,649.55
-73.20

## मौसम



अधिकतम : 31 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूयोदय बुधवार : 5 : 47
सूर्यास्त मंगलवार : 7 : 15

# गुरुग्राम में दिल्ली के फाइनेंसर की गोलियां मारकर हत्या

### डिलीवरी बॉय बनकर आए हमलावर, पूरा शरीर छलनी किया

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में दिल्ली के फाइनेंसर व प्रॉपर्टी डीलर की ताबड़तोड़ गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। उसके शरीर को गोलियां से बुरी तरह से छलनी किया गया था। हमलावरों ने उन्हें फोन कर दिल्ली से बुलाया था। फाइनेंसर रोहित शौकीन (40) दिल्ली के नांगलोई इलाके के रहने वाले थे। कत्ल के बाद सामने आया कि रोहित शौकीन के हरियाणवी सिंगर राहुल यादव फाजिलपुरिया के फाइनेंसर हैं। हालांकि फाजिलपुरिया ने इससे इनकार करते हुए कहा कि मेरा उससे कोई लेना-देना नहीं। मैं तो उसे जानता तक नहीं हूं। वहीं रोहित के परिवार का कहना है कि दीपक नांदल ने फोन कर रोहित को दिल्ली से गुरुग्राम बुलाया था। दीपक ने ही फाजिलपुरिया से रोहित की दोस्ती कराई थी। फाजिलपुरिया, दीपक नांदल, सुनील सरधानिया और रोहित शौकीन खास दोस्त थे। रोहित को दीपक से रुपए लेने थे।

रोहित अपने भाई की गाड़ी से आया था और एक ड्राइवर को भी साथ लाया था। रोहित की हत्या की जिम्मेदारी सुनील सरधानिया नाम के युवक ने ली है।

एक पोस्ट सामने आई है, जिसमें कहा गया है कि फाजिलपुरिया को हमारे पैसे देने पड़ेंगे। अगर नहीं दिए, तो इस लड़ाई में बहुत लोग मारे जाएंगे।

### धमकी

### बोले- दवाइयां अमेरिका में ही बनाई जाएं; यूएस में 40 प्रतिशत दवाएं भारत से जाती हैं

# ट्रम्प की भारतीय दवाओं पर 250 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत के फार्मास्युटिकल प्रोडक्ट्स पर 250 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। ट्रम्प ने न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में कहा कि वे शुरू में फार्मास्युटिकल्स पर छोटा टैरिफ लगाएंगे, लेकिन फिर इसे एक से डेढ़ साल में बढ़ाकर 150 प्रतिशत और फिर 250 प्रतिशत कर देंगे।

ट्रम्प ने कहा- हम चाहते हैं कि दवाइयां हमारे देश में ही बनाई जाएं। उनका मानना है कि अमेरिका फार्मा प्रोडक्ट्स के लिए बहुत ज्यादा विदेशों पर निर्भर है, खासकर भारत और चीन पर। इस टैरिफ से भारतीय फार्मा सेक्टर पर बुरा असर पड़ सकता है।



अमेरिका भारत से जेनेरिक दवाइयां, वैक्सीन और एक्टिव इंग्रेडिएंट्स खरीदता है।

2025 में अमेरिका को भारत का फार्मास्युटिकल निर्यात 7.5 अरब डॉलर (करीब 65 हजार करोड़ रुपए) से ज्यादा रहा।

अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली सभी जेनेरिक दवाओं की लगभग 40त्न भारत से आती हैं।

### टैरिफ बढ़ने से अमेरिका को भी नुकसान

अमेरिका में ज्यादातर सस्ती जेनेरिक दवाएं भारत और चीन से आती हैं। महंगी दवा मिलने का नुकसान मरीजों को उठाना पड़ेगा जिससे अमेरिका के लोगों की ही मुश्किलें बढ़ेंगी। भारत से निर्यात होने वाली दवाओं में एंटीबायोटिक्स, एंटीडिप्रेसेंट्स और हृदय रोग की दवाएं होती हैं। भारत जेनेरिक दवाएं सस्ते में बनाता है, जिससे अमेरिकी हेल्थकेयर सिस्टम को हर साल अरबों डॉलर की बचत होती है।

### दवाओं पर टैरिफ से भारतीय कंपनियों को नुकसान

अगर ट्रम्प दवाओं पर टैरिफ को 250 प्रतिशत तक बढ़ाते हैं, तो भारतीय कंपनियों को अमेरिका में अपने प्रोडक्ट्स की कीमतें दोगुनी करनी पड़ेंगी। इससे कंपनियों के मुनाफे में भारी कमी आएगी। नुकसान से बचने के लिए भारतीय फार्मा कंपनियां अमेरिका में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने पर विचार कर सकती हैं।

## संपादकीय

# एसएससी परीक्षा : देश के युवों पर लाठी चलवाती सरकार



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारत में सरकारी नौकरियों की भर्ती के लिए कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षाएँ लाखों युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर मानी जाती हैं। यह परीक्षा न केवल युवाओं को स्थिरता और सम्मानजनक रोजगार प्रदान करती है, बल्कि उनके सपनों को साकार करने का माध्यम भी बनती है। लेकिन हाल के वर्षों में एसएससी परीक्षाओं से जुड़े विवाद, पेपर लीक, और प्रदर्शनों पर सरकार की कठोर कार्रवाई ने युवाओं के बीच असंतोष और निराशा को जन्म दिया है। यह स्थिति न केवल युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर रही है, बल्कि सरकार की नीतियों और प्रशासनिक अक्षमता पर भी सवाल उठा रही है।

पिछले कुछ वर्षों में स्स्ष्ट की विभिन्न परीक्षाओं, जैसे CGL (कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल), CHSL (कंबाइंड हायर सेकेंडरी लेवल), और अन्य, में अनियमितताओं की खबरें सामने आई हैं। पेपर लीक के मामले, परिणामों में देरी, और नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी ने लाखों अभ्यर्थियों का विश्वास तोड़ा है। ये युवा दिन-रात मेहनत करके इन परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन जब उन्हें धोखा मिलता है या उनके प्रदर्शन पर पुलिस की लाठियाँ बरसती हैं, तो यह न केवल उनके आत्मविश्वास को ठेस पहुँचाता है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी कमजोर करता है।

हाल के कुछ प्रदर्शनों में, एसएससी अभ्यर्थियों ने अपनी माँगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन किया। लेकिन सरकार और प्रशासन ने इन प्रदर्शनों को दबाने के लिए बल प्रयोग किया। दिल्ली, पटना, और अन्य शहरों में पुलिस द्वारा लाठीचार्ज और आँसू गैस का इस्तेमाल युवाओं के प्रति सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है। ये युवा अपनी माँगों को लेकर सड़कों पर उतरते हैं, क्योंकि उनकी आवाज़ को कोई सुनने वाला नहीं है। यह स्थिति न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि सरकार अपनी युवा शक्ति को समझने में नाकाम रही है।

एसएससी परीक्षाओं में अनियमितताओं का एक प्रमुख कारण प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार है। पेपर लीक के कई मामले सामने आए हैं, जिनमें बड़े पैमाने पर संगठित गिरोह शामिल रहे हैं। इन घटनाओं ने न केवल परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता को कम किया है, बल्कि उन मेहनती छात्रों के साथ अन्याय किया है, जो निष्पक्षता की उम्मीद करते हैं। इसके अलावा, परिणामों में देरी और नियुक्ति प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब ने युवाओं के धैर्य की परीक्षा ली है। कई बार तो अभ्यर्थियों को अपनी नियुक्ति के लिए वर्षों इंतज़ार करना पड़ता है, जो उनके करियर और आर्थिक स्थिति पर बुरा असर डालता है।

सरकार को चाहिए कि वह इन समस्याओं का समाधान करने के लिए ठोस कदम उठाए। सबसे पहले, एसएससी परीक्षा प्रणाली को और अधिक पारदर्शी और तकनीकी रूप से उन्नत करना होगा। ऑनलाइन परीक्षाओं की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाना चाहिए। दूसरा, भ्रष्टाचार पर कठोर कार्रवाई और दोषियों को सजा देना आवश्यक है। तीसरा, अभ्यर्थियों की शिकायतों को सुनने के लिए एक स्वतंत्र तंत्र स्थापित किया जाना चाहिए, ताकि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। इसके साथ ही, प्रदर्शनों को हिंसक रूप से दबाने की बजाय, सरकार को युवाओं से संवाद स्थापित करना चाहिए।

भारत का युवा देश का भविष्य है। उनकी मेहनत, लगन, और सपनों का सम्मान करना सरकार की जिम्मेदारी है। स्स्ष्ट परीक्षाओं से जुड़े विवाद और लाठीचार्ज की घटनाएँ न केवल युवाओं के प्रति अन्याय हैं, बल्कि देश के विकास में भी बाधा उत्पन्न करती हैं। सरकार को चाहिए कि वह युवाओं की आवाज़ सुने, उनकी समस्याओं का समाधान करे, और एक ऐसी व्यवस्था बनाए जो निष्पक्ष, पारदर्शी, और युवा-अनुकूल हो। तभी हम एक समृद्ध और सशक्त भारत का निर्माण कर पाएँगे।

# कुदरत का कोहराम

मानसून की दस्तक के साथ ही हिमाचल व उत्तराखंड में दरकते पहाड़ व रौद्र रूप दिखाती नदियां चिंता बढ़ाने वाली हैं। कुदरत के कहर के सामने इंसान बौना ही नजर आता है। तमाम मुख्य नदियां उफान पर हैं। जगह-जगह भूस्खलन से सड़कें ठप पड़ी हैं। हिमाचल में मूसलाधार बारिश के बीच मलबा व पत्थर गिरने से सैकड़ों सड़कें बंद हो गई हैं। सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। पहले हम गर्मी से त्रस्त होकर बारिश की आस लगाए होते हैं, लेकिन जब बारिश आती है तो स्थितियां डराने वाली हो जाती हैं। निस्संदेह ग्लोबल वार्मिंग संकट के चलते बारिश के पैटर्न में बड़ा बदलाव आया है। बारिश कम समय में ज्यादा मात्रा में बरसती है। जिससे न केवल पहाड़ों में कटाव बढ़ जाता है बल्कि पानी के साथ भारी मात्रा में मलबा गिरकर रास्तों व पानी के प्राकृतिक मार्गों को अवरुद्ध कर देता है। यह संकट इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि हमने पहाड़ों को विलसिता का केंद्र बना दिया है। तीर्थाटन अब पर्यटन जैसा हो गया है। पर्यटकों के वाहनों से छोटी सड़कें और पुल दबाव में हैं। नीति-नियंताओं ने पहाड़ों में सड़कों को फोर लेन-सिक्स लेन बनाने का जो उपक्रम किया है, उससे पहाड़ों का नैसर्गिक वातावरण खतरे में है। पहाड़ों के किनारे काटने से भूस्खलन की गति तेज हुई है। गाहे-बगाहे पहाड़ों का मलबा सड़कों पर गिरकर यातायात को अवरुद्ध कर देता है। यात्रियों के जीवन पर हर समय संकट बना रहता है। हिमाचल की ही तरह से कुदरत के कोहराम से उत्तराखंड भी बुरी तरह त्रस्त है। भागीरथी, अलकनंदा, मंदाकिनी व पिंडर आदि नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। चारधाम यात्रा मार्ग पर मलबा गिरने की घटनाएं बढ़ने से यात्रा कुछ समय के लिये स्थगित की गई है। बार-बार भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया जा रहा है। जगह-जगह सड़कों के कटने से सैकड़ों यात्री फंसे हुए हैं। कई गांवों को जोड़ने वाली सड़कें बह गई हैं। बादल फटने की आशंका भी लगातार बनी रहती है। बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री जाने वाले मार्ग जगह-जगह बाधित हैं। भारी बारिश की आशंका को देखते हुए स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों में छुट्टियां घोषित की गई हैं। सामान्य जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कई मोटरमार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हुए हैं। कई छोटे पुल बह गए हैं। कई निचले स्थानों से लोगों को हटाया गया है। कुल मिलाकर लाखों लोगों को अतिवृष्टि ने बंधक बना दिया है। निश्चित रूप से तेज बारिश और उसके प्रभाव इंसानी नियंत्रण से बाहर होते हैं। लेकिन इसके बावजूद पहाड़ी इलाकों में विकास के मॉडल पर नये सिरे से विचार करने की जरूरत है। पहाड़ अध्यात्म के केंद्र भी रहे हैं, उन्हें पर्यटकों की विलसिता का केंद्र नहीं बनाया जाना चाहिए। हमें अपेक्षाकृत नये हिमालयी पहाड़ों और उसके परिस्थितिकीय तंत्र के प्रति संवेदनशील व्यवहार करना चाहिए। ज्यादा मानवीय हस्तक्षेप से ग्लेशियर पिघल रहे हैं और नदियों का बढ़ा जल संकट का कारण भी बन रहा है।



# टैरिफ वार से अमेरिका का ही नुकसान कर रहे हैं ट्रंप

अशोक मधुप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ को सात दिन के लिए टाल दिया है। ये एक अगस्त से लागू होना था, जो अब सात अगस्त से लागू होगा।

ट्रम्प ने 92 देशों पर नए टैरिफ की लिस्ट जारी की है। इसमें भारत पर 25 प्रतिशत और पाकिस्तान पर 19 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है। हालांकि, कनाडा पर एक अगस्त से ही 35 प्रतिशत टैरिफ लागू हो गया है।

साउथ एशिया में सबसे कम टैरिफ पाकिस्तान पर लगा है। अमेरिका ने पहले पाकिस्तान पर 29 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा था।वहीं दुनियाभर में सबसे ज्यादा 41 प्रतिशत टैरिफ सीरिया पर लगाया गया है। इस लिस्ट में चीन का नाम शामिल नहीं है।

ट्रम्प ने दो अप्रैल को दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, लेकिन सात दिन बाद ही इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया था। कुछ दिनों बाद ट्रम्प ने 31 जुलाई तक का समय दिया था।इसके बाद ट्रम्प सरकार ने 90 दिनों में 90 सौदे कराने का टारगेट रखा था। हालांकि, अमेरिका का अब तक सिर्फ सात देशों से समझौता हो पाया।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। साथ ही रूस से तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त जुर्माना लगाने की भी बात कही है। जानकारों का कहना है कि उनके इस कदम से भारत की ग्रोथ पर ज्यादा असर नहीं होगा। एसबीआई रिसर्च ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय एक्सपोर्ट्स पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का असर अमेरिका के लिए भारत से ज्यादा बुरा होगा। अमेरिका को कम जीडीपी, ज्यादा महंगाई और डॉलर के कमजोर होने का सामना करना पड़ सकता है। एसबीआई रिसर्च ने इस टैरिफ को बुरा बिजनेस फैसला बताया।

एसबीआई रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत के मुकाबले अमेरिका की डीजीपी , महंगाई और करंसी के नीचे जाने का ज्यादा रिस्क है। रिपोर्ट के मुताबिक मौजूदा ट्रेड वार के आर्थिक नतीजों को देखें तो यह अचरज की बात नहीं है कि अमेरिका पर भारत के मुकाबले अधिक बुरा असर पड़ेगा। रिसर्च ने बताया कि अमेरिका में फिर से महंगाई का दबाव दिखना शुरू हो गया है।

अनुमान है कि अमेरिका में महंगाई 2026 तक दो प्रतिशत के तय टारगेट से ऊपर ही रहेगी। ऐसा टैरिफ के सप्लाई-साइड इफेक्ट्स और एक्सचेंज रेट में बदलाव की वजह से होगा। एसबीआई रिसर्च ने बताया कि शॉर्ट-टर्म में अमेरिकी टैरिफ की वजह से एक औसत अमेरिकी घर पर करीब 2,400 डॉलर का बोझ पड़ने का अनुमान है। वजह, टैरिफ से बढ़ने वाली महंगाई के कारण कीमतें बढ़ना है।

अमेरिकी अर्थशास्त्रियों ने चेताया है कि गर्मियों के मौसम तक अमेरिका की सभी सहयोगी व्यापार साझेदार देशों से मतभेदों का असर दिखने लगेगा और नियुक्तियों में कमी खतरे की घंटी है। ग्लासडूर के मुख्य अर्थशास्त्री डेनियल झाओ ने कहा कि मंदी आ नहीं रही है बल्कि आ चुकी है।अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापार एजेंडा का असर दिखने लगा है और रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका मंदी की चपेट में आता दिख रहा है। अमेरिकी कंपनियां कर्मचारियों की नियुक्तियां घटा रही हैं। अमेरिकी श्रम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी नियोक्ताओं ने बीते महीने 73 हजार नौकरियां दीं। यह अनुमान के 1,15,000 से काफी कम हैं।मई और जून में 2,58,000 कर्मचारियों की छंटनी हुई और बेरोजगारी दर बढ़कर 4.2त्न हो गई ।अमेरिका में बेरोजगारों की संख्या में 2,21,000 की बढ़ोतरी हुई। बीएमओ कैपिटल मार्केट्स के मुख्य अर्थशास्त्री स्कॉट एंडरसन ने कहा, %अमेरिकी श्रम बाजार की स्थितियों में उल्लेखनीय गिरावट आ रही है। हम टैरिफ और व्यापार युद्ध शुरू होने और अधिक प्रतिबंधात्मक आव्रजन नीति के बाद से ही अर्थव्यवस्था में मंदी का अनुमान लगा रहे थे। श्रम विभाग की रिपोर्ट श्रम बाजार के लिए एक मुश्किल हालात का सबूत है।%अमेरिकी अर्थशास्त्रियों ने चेताया है कि गर्मियों के मौसम तक अमेरिका की सभी सहयोगी व्यापार साझेदार देशों से मतभेदों का असर दिखने लगेगा और नियुक्तियों में कमी खतरे की घंटी है। ग्लासडूर के मुख्य अर्थशास्त्री डेनियल झाओ ने कहा कि मंदी आ नहीं रही है बल्कि आ चुकी है। शुक्रवार को अमेरिकी शेयर बाजार में भी गिरावट दिखाई दी। राष्ट्रपति ट्रंप ने श्रम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों को खारिज कर दिया है। इतना ही नहीं उन्होंने श्रम विभाग की निदेशक एरिका मेकएंटरफेर को भी पद से हटाने के निर्देश दिए हैं। एरिका की नियुक्ति पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल में हुई थी। राष्ट्रपति ट्रंप ने कई देशों पर टैरिफ लगा दिए हैं। ट्रंप प्रशासन को उम्मीद है कि टैरिफ से मैन्यफैक्चरिंग सेक्टर अमेरिका में फिर से मजबूत होगा। हालांकि अर्थशास्त्रियों का मानना है कि टैरिफ का असर अमेरिकी जनता पर ही सबसे ज्यादा पड़ेगा।




भारत और अमेरिका के बीच लगभग 130 अरब डॉलर का व्यापार होता है। अमेरिका भारत से लगभग 87 अरब डॉलर के उत्पादों का आयात करता है वहीं, भारत अमेरिका से मात्र 41.8 अरब डॉलर के उत्पादों का आयात करता है। अब अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद, यह सवाल उठ रहा है कि इसका क्या असर होगा। भारत से सबसे अधिक इलेक्ट्रॉनिक और आईटी सेक्टर में बनने वाले उत्पादों को अमेरिका भेजा जाता है। पिछले कुछ समय से भारत में बने स्मार्टफोन्स से लेकर लैपटॉप, सर्वर और टैबलेट्स की डिमांड अमेरिका में बढ़ी थी। ऐसे में सात अगस्त से लागू होने वाले अमेरिकी टैरिफ का सबसे ज्यादा असर इसी सेक्टर पर पड़ने की संभावना है।

भारत के 11 से 13 मई 1998 में सफलतापूर्वक परमाणु परीक्षण किया। इसके बाद अंतर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा भारत पर अनेक प्रतिबंध लगाए गए। उस समय विशेषज्ञों की ऐसी राय थी कि भारत अलग-थलग पड़ जाएगा और इसकी अर्थव्यवस्था प्रतिबंधों के बोझ तले दब जाएगी। इन प्रतिबंध का भारत सफलतापूर्वक सामना कर अपने को अडिग साबित करने में कामयाब रहा। सात साल बाद अमेरिका ने इसे एक असाधारण मामले के रूप में मानते हुए, भारत को मुख्य धारा में लाने के लिए पहला कदम उठाया, जिसकी परिणति 2005 में भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते के रूप में हुई।

भारत परमाणु परीक्षण के बाद के प्रतिबंधों में नही झुका तो अब तो उसकी हालत बहुत मजबूत है।एक कुशल नेतृत्व उसके पास है। अमेरिका चाहता है कि भारत रूस से तेल न ले।भारत ने स्पष्ट कर दिया कि वह अपने हितों से कोई समझौता नही करेगा। भारत रूस से पहले की तरह तेल लेता रहेगा। इतना ही नही भारत ने अमेरिका की आंख की किरकिरी ईरान से भी तेल खरीदने की घोषणा कर दी है। उधर अमेरिका को इस घटनाक्रम के बाद साफ कर दिया कि वह अमेरिका से एफ-35 लड़ाकू विमान नहीं ख़रीदेगा।


अमेरिका भारत से लगभग 87 अरब डॉलर के उत्पादों का आयात करता है। भारत ने तै किया है कि अब वह दुनिया के अन्य देशों में बाजार खोजेगा। अमेरिका से होने वाले नुकसान की भरपायी अन्य जगहों से की जाएगी।हाल ही में एक सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मादी ने देशवासियों से स्वदेशी अपनाने की अपील ही है।यह घोषणा भी अमेरिकी टैक्स वृद्धि की घोषणा को लेकर की गई लगती है। स्वदेशी अपनाने से हमें देश के बाहर बाजार खोजने की जरूरत नही रहेगा। दूसरे अपने उत्पाद की प्रयोग होंगे तो आयातित सामान पर निर्भरता कम होगी।

इतना सब होने के बावजूद हमें अपना कंप्यूटर आपरेटिंग सिस्टम , अपना नेविगेशन सिस्टम और अपने कम्प्यूटर और मोबाइल के सोफ्टवेयर विकसित करने होंगे ताकि दूसरे देशों के सोफ्टवेयर और आपरेटिंग सिस्टम पर निर्भरता कम हो।

भारत और टैरिफ वार के शिकार देशों को डालर में खरीद -फरोख्त बंद करनी पर होगी। भारत ने रूस और कुछ अन्य देशों के साथ अपनी मुद्रा में खरीदारी शुरू कर दी है। यदि सभी देशों द्वारा डालर का विकल्प खोजकर व्यापार शुरू किया जाता है तो अमेरिका के लिए ये बड़ा झटका होगा।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3612




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




काकुरो - 3611 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक व्यक्ति ने होटल के मालिक को कहा-'जनाब ! इस समय आपका बिल चुकाने के लिये मेरे पास पैसे नहीं हैं.'

'फिक्र न करें !' होटल का मालिक बोला-'हम आपका नाम दीवार पर लिख देंगे. आप जब अगली बार आएं तो दे दीजिएगा.'

'मगर ऐसे तो सबको मालूम हो जायेगा !'

'कैसे मालूम होगा श्रीमान जी !' होटल के मालिक शान्त स्वर में बोला -'नाम के ऊपर आपका कोट जो टंगा होगा.'

□ □ □

एक अंग्रेज ने, हिन्दुस्तानी आदमी से कहा कि 'तुम्हारी मूंछ तो बहुत अच्छी है, तुम मुझे यह दे दो मैं तुम्हें मुँह मांगा दाम दूँगा.' यह सुनते ही वह आदमी घर के अंदर गया और अपने सिर के बाल काट के लाकर के अंग्रेज के हाथ में दे दिए. बालों को देखकर अंग्रेज बोला कि 'यह क्या मैंने तो तुम्हारी मूंछ मांगी थी, तुम बाल क्यों ले आए?' अंग्रेज की बात सुनते ही उस व्यक्ति ने कहा कि'माल हमेशा गोदाम से दिया जाता है न कि शोरूम से !'

□ □ □

जज-'तुमने एक ही दुकान में चार बार चोरी क्यों की ?'

चोर-'साहब पहली तीन बार मेरी बीवी को कोई साड़ी पसंद नहीं आई थी, इसलिए !'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3612



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, जया की 'ये जुल्फ कैसी है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
४. 'सीमायें बुलाये तुझे' गीत वाली जे.पी.दत्ता की युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी एक मल्टीस्टारर फिल्म-२,१,१
६. फिल्म 'साया' में नायिका कौन थी-२
७. 'झमका चाँदी दा' गीत वाली मनोज, अरशद, तब्बू, शीबा की फिल्म-२
८. अभिषेक, अंतरा माली की 'बेरंग जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२
११. फिल्म 'जीवनमृत्यु' में नायिका थी-२
१४. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फराजखान, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की 'दिल डूबा' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'आज मदहोश हुआ जाये' गीत वाली शशिकपूर, राखी की फिल्म-३
१७. संजय कपूर, रवीना, अदिति की 'हंसता है रूलता' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'सनन सनन साय साय हो' गीत वाली गोविंदा, रमैया की फिल्म-४,२
२२. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'तू कल चला' गीत वाली संजयदत्त, कुमार गौरव, पूनम ढिल्लों की फिल्म-२
२४. जैकी, सुनील शेट्टी, डिनो, करिश्मा की 'ऐ सुबह तू' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'हुस्ने जाना इधर आ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-२
२८. देवआनंद, गीता बाली की 'चांदनी रातें प्यार की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'जिनके पास हाथी घोड़ा' गीत वाली राजकुमार, लीना की फिल्म-२,१,२
३०. जीतेंद्र, जयाप्रदा की 'आईने के सौ टुकड़े' गीत वाली फिल्म-१
३१. 'लड़की जो आए बाजार में' गीत वाली जैकी श्रॉफ, मनीषा की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'नदिया किनारे आआ' गीत वाली संजय दत्त, आफताब, नंदिता की फिल्म-२
२. ऋषिकपूर, माधुरी दीक्षित की 'जाने वो कैसा चोर था' गीत वाली फिल्म-३
३. 'आजकल पाँव जमीं पर' गीत वाली फिल्म-२
४. अक्षय, करीना कपूर, प्रियंका की फिल्म-४
५. 'दिल दिया है तुझे' गीत वाली अतीन भल्ला, संदली सिन्हा की फिल्म-२
९. राहुल बोस, करीना कपूर की 'जाने क्यूं हमको' गीत वाली फिल्म-३
१०. राजकपूर, परवीन की 'आपसा कोई हसीन' गीत वाली फिल्म-२,२
१२. 'तोता मैना की कहानी' गीत वाली शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
१३. मिलिंद सोमण, किरण झवेर की 'जीना है तेरी' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'सुलगे हुए हैं' गीत वाली जिमी, इरफान, ऋषिता, नम्रता की फिल्म-३
१९. फिल्म 'अवतार' में राजेश की नायिका ?-३
२०. 'नहीं ये हो नहीं सकता' गीत वाली फिल्म-४
२१. अमिताभ, जैकी, कैटरीना, मधु, सीमा की 'आई सी यू बेबी' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'रंग और नूर की बारात' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना कुमारी की फिल्म-३
२४. नसीर, फारूख शेख, स्मिता की फिल्म-३
२६. 'बोल गोरी बोल' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
२७. शाहरूख, माधुरी की 'तू सामने जब आता है' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3613



## सूडोकु -3612

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु - 3611 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

## शब्द पहेली - 3612



**बाएँ से दाएँ**

1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**

1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

शब्द पहेली -3611 का हल



# डीएम ने असलहा बाबू को हटाया

## ड्राइवर को फोन कर बार-बार पूछ रहा था लोकेशन, माना गया अनुशासनहीनता; हो गई कार्रवाई

**नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर में जिलाधिकारी का पदभार ग्रहण करने के बाद डीएम मेधा रूपम ने बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए जिले के अधिकारियों को कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कलेक्ट्रेट में लगभग नौ सालों से असलहा बाबू (आर्म्स क्लर्क) के पद पर तैनात अरविंद कुमार को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी के ड्राइवर से बार-बार उनकी लोकेशन पूछने के कारण की गई। इसे गंभीर अनुशासनहीनता माना गया।



### फोन पर डीएम की लोकेशन ले रहा बाबू

असलह बाबू अरविंद कुमार पर आरोप है कि वह जिलाधिकारी मेधा रूपम के ड्राइवर को फोन करके बार-बार उनकी लोकेशन की जानकारी ले रहे थे। इस बात की सूचना जब छ्रूतक पहुंची, तो उन्होंने इसे प्रोटोकॉल का उल्लंघन और एक गंभीर अनुशासनहीनता माना। जिलाधिकारी की गतिविधियों और लोकेशन को गोपनीय रखा जाता है। इस तरह की पूछताछ उनकी सुरक्षा और कार्यप्रणाली में हस्तक्षेप मानी जाती है। इसी के चलते उन्होंने अरविंद कुमार को पद से हटाने का निर्णय लिया।

### नया असलहा बाबू नियुक्त

जिलाधिकारी के सख्त फैसले से प्रशासनिक खेमे में हड़कंप मचा है। अरविंद कुमार के स्थान पर अब सत्येंद्र कुमार को नया असलहा बाबू नियुक्त किया गया है। मेधा रूपम ने 1 अगस्त को ही डीएम का चार्ज संभाला था। इसके बाद से ही वह लगातार अधिकारियों और कर्मचारी पर नकेल कस रही हैं। इसके साथ ही व्यवस्था में सुधार लाने की लगातार कोशिश कर रही है। इसको लेकर वह निरीक्षण भी रोज करती हैं। इसके साथ ही हर योजनाओं की समीक्षा भी कर रही हैं।

# बिल्डर की अचैट संपति बेचकर दिलाएं बकाया रकम

**नोएडा प्राधिकरण ने ईडी को भेजा पत्र, हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट में दिया प्रार्थना पत्र**

**नोएडा।** ईडी की तरफ से बिल्डरों की अटैच संपत्ति को बेचकर बकाया दिलाने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने हाइकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया गया है। इसके अलावा बकाया दिलवाने के लिए ईडी को भी नोएडा प्राधिकरण ने पत्र लिखा है।
बकाए को लेने के लिए प्राधिकरण अलग-अलग स्तर पर काम कर रहा है। बकाया लेने के लिए प्राधिकरण अधिकारी बिल्डरों के साथ समय-समय पर बैठक करने के अलावा नोटिस भेजने व आरसी जारी करने की कार्रवाई भी कर रहे हैं।
महत्वपूर्ण यह है कि पिछले कुछ सालों में ईडी ने गड़बड़ी पकड़े जाने पर नोएडा से जुड़े बिल्डरों की जिले, एनसीआर या देश के अन्य हिस्से में स्थित संपत्ति को अटैच किया है। इनमें से काफी बिल्डर नोएडा प्राधिकरण के बकायादार हैं। सालों से पैसा नहीं दे रहे हैं।
ऐसे में अब बकाया लेने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने अदालत से गुहार लगाई है। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने बताया कि हाई कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट में प्रार्थना पत्र देते हुए ईडी की तरफ से बिल्डरों की अटैच संपत्ति को बेच प्राधिकरण का बकाया दिलवाने का आग्रह किया है। इसके अलावा ईडी को पत्र लिखकर बकाया दिलवाने के लिए कहा गया है।

## शार्ट न्यूज

### 02 से 15 अगस्त 2025 तक तीन चरणों में मनाया जाएगा 'हर घर तिरंगा अभियान-2025'

**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा अनुरूप 02 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक तीन चरणों में आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा कार्यक्रम अभियान-2025 को लेकर आज जिलाधिकारी मेधा रूपम ने कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि इस कार्यक्रम को जनभागीदारी के व्यापक आंदोलन के रूप में सफल बनाया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम से जुड़ी सभी तैयारियाँ समयबद्ध और सुनियोजित ढंग से पूरी की जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र के प्रति गर्व, सम्मान और एकता की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने विभागों के माध्यम से आम जनमानस को इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल करने हेतु जागरूक करें।

### छठे फ्लोर से बेसमेंट तक गिरी लिफ्ट

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एम्स ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी में सोमवार रात एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। सोसाइटी के एच टावर की लिफ्ट छठे फ्लोर से फ्री फॉल होकर सीधे बेसमेंट में जा गिरी। घटना के समय लिफ्ट में सोसाइटी के दो निवासी विकास तोमर और गिरीश सवार थे। विकास ने बताया कि जब वे छठे फ्लोर से नीचे जा रहे थे, तभी लिफ्ट अचानक फ्री फॉल हो गई। गनीमत रही कि दोनों को कोई गंभीर चोट नहीं आई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। निवासियों का आरोप है कि एच टावर की यह लिफ्ट कई दिनों से खराब चल रही थी। इसकी शिकायत बिल्डर प्रबंधन से कई बार की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। टावर में केवल एक ही लिफ्ट संचालित है और वह भी अक्सर खराब रहती है। घटना के बाद पीड़ितों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मेंटेनेंस प्रबंधन से बात की। निवासियों का आरोप है कि मेंटेनेंस प्रबंधन की ओर से उन्हें धमकी दी जा रही है कि कुछ भी नहीं होगा। सोसाइटी में अन्य समस्याएं भी हैं। बेसमेंट में गंदे पानी के कारण रहवासियों को परेशानी हो रही है।

### पासवर्ड हैक कर 1.80 करोड़ का नुकसान

**नोएडा।** बैग बनाने वाली कंपनी के जीएसटी पोर्टल की आईडी व पासवर्ड हैक कर 1.80 करोड़ रुपए के जीएसटी का नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। फर्जीवाड़े का आरोप कंपनी के ही पूर्व लेखाकार पर है। साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच भी शुरु कर दी है। आरोपी ने फर्जीवाड़ा कर 10 करोड़ रुपए का इनवॉयस बनाकर ठगी को अंजाम दिया। साइबर क्राइम थाने में दी शिकायत में सेक्टर-128 निवासी मेघा वार्ष्णेय ने बताया कि उनकी कासना के औद्योगिक क्षेत्र में बैग बनाने वाली कंपनी और फैक्टरी है। यहां से कई राज्यों में सामान की आपूर्ति की जाती है। मेघा ने अपनी कंपनी का 15 जुलाई को ऑडिट कराया तो पता चला कि उनकी कंपनी पर 1.80 करोड़ रुपए का जीएसटी बकाया है। इस संबंध में उन्होंने सीए की मदद से जानकारी की। इसमें दिसंबर 2024 से मार्च 2025 तक यूनाईटेड सिक्योरिटी सर्विसेज, आईए इंजीनियरिंग, उज्जवल हैंडीक्राफ्ट, यश प्लीज इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के नाम पर 10 करोड़ के लेनदेन होने का पता चला।

### कारागार मंत्री ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**गौतम बुद्ध नगर।** कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने जिला कारागार गौतमबुद्धनगर का भ्रमण किया। उनका कारागार के मुख्य द्वार पर गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया गया। अधीक्षक बृजेश कुमार, राजेश कुमार मौर्या और संजय कुमार शाही ने उनका स्वागत किया। मंत्री ने कारागार में 10 एकल कक्ष चिकित्सालय, जेल इंडोर जिम एवं वेलनेस सेंटर, 10 एकल कक्ष महिला अहाता और तीन गोदाम का उद्घाटन किया। उन्होंने पेयजल हेतु ट्यूबवेल और सामुदायिक भवन का शिलान्यास भी किया। इसके बाद उन्होंने कौशल विकास केंद्र का अवलोकन किया। बंदियों द्वारा स्थापित औषधि वाटिका का निरीक्षण किया, जहां ब्राह्मी, अश्वगंधा, सर्पगंधा जैसी औषधियां लगाई गई हैं। कौशल विकास केंद्र में बंदियों ने सिलाई, हेयर कटिंग, कंप्यूटर प्रशिक्षण, डांस और संगीत कार्यक्रम का प्रदर्शन किया। मंत्री ने वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन विधि का भी अवलोकन किया, जिसका उपयोग कारागार के खेतों और वाटिका में किया जाता है। उन्होंने एलईडी सेंटर में बन रहे झालर, झूमर, दिये तथा मूर्तिकला और आर्टक्राफ्ट का भी निरीक्षण किया।

### नोएडा में पुलिस और बदमाश की मुठभेड़

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-20 थाना क्षेत्र में सोमवार रात पुलिस और एक शातिर बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। गिरफ्तार बदमाश की पहचान हरिश्चंद्र उर्फ हरिया के रूप में हुई है, जो दिल्ली के प्रताप नगर का रहने वाला है और उस पर 31 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। एडिशनल डीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि सेक्टर-20 पुलिस की टीम सोमवार रात छ्स्न मॉल के पास नाले के किनारे चेकिंग कर रही थी। तभी एक पल्सर बाइक पर सवार दो युवक वहां से गुजरे। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया लेकिन वे रुके नहीं और तेजी से भागने लगे। पुलिस को दोनों पर शक हुआ और टीम ने उनका पीछा शुरू कर दिया। करीब 600 मीटर तक पीछा करने के बाद दोनों बदमाश सेक्टर-18 स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के पास जंगल की ओर भागे। खुद को घिरता देख उन्होंने पुलिस पर जानलेवा हमला करने की नीयत से फायरिंग कर दी।

# नोएडा में पार्किंग की वसूली को लेकर झगड़ा, केयरटेकर को मारी गोली

**नोएड।** नोएडा के सलारपुर गांव में सोमवार रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब दो युवकों ने पार्किंग की देखरेख करने वाले युवक पर गोली चला दी। गोली उसके घुटने में लगी और वो घायल होकर गिर पड़ा। उसे आनन-फानन में पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना सेक्टर 49 थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक खाली प्लॉट में हुई, जहां दीप हनुमान उर्फ दीपू नाम का युवक पार्किंग के केयरटेकर के रूप में काम करता है। सोमवार रात दीपू वहीं सो रहा था, तभी गांव के रहने वाले बीतेश भाटी और रवि भाटी वहां पहुंचे।

### घुटने में लगी गोली

एडिशनल डीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि दीपू और दोनों युवकों के बीच पहले किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो जल्द ही बहस और फिर हिंसा में बदल गई। अचानक से बीतेश और रवि ने पिस्टल निकालकर दीपू पर फायरिंग कर दी, जिससे एक गोली दीपू के बाएं पैर के घुटने में जा लगी।

### पार्किंग के पैसे को लेकर विवाद

सलारपुर गांव निवासी नितिन के मुताबिक उनकी पिलर संख्या 84 के पास पार्किंग है।
पार्किंग की देखरेख दीपू नाम का युवक करता है। सोमवार रात दीपू पार्किंग पर था। तभी गांव को रहने वाले बीतेश और रवि आए। दोनों ने दीपू से रुपयों की मांग की। दीपू ने पैसा देने से मना किया तो दोनों युवक गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर युवकों ने फायरिंग कर दी।

# जिलाधिकारी ने इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों की प्रगति को लेकर सम्बंधित अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

## एयरपोर्ट परियोजना में गति लाने एवं नियमित समीक्षा के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

- समीक्षा बैठक के उपरांत जिलाधिकारी ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर का किया स्थलीय निरीक्षण
- जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण करने के दिए निर्देश

गौतम बुद्ध नगर। जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम ने आज जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सभागार में निर्माण कंपनी एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर निर्माण कार्यों की वर्तमान प्रगति की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान अपर जिलाधिकारी भू0/अ0 राजेश कुमार, उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, एसीपी जेवर सार्थक सेंगर, तहसीलदार जेवर ओमप्रकाश पासवान, जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टोफ श्रेलमैन, सीओओ किरन जैन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।
नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टोफ श्रेलमैन ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से जिलाधिकारी को रनवे, टर्मिनल भवन सहित अन्य बुनियादी ढांचे की प्रगति से अवगत कराया गया।



जिलाधिकारी ने बैठक करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि शेष निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है और इसकी प्रगति में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक के उपरांत जिलाधिकारी ने कमांड सेंटर, टर्मिनल भवन एवं अन्य निर्माणाधीन स्थलों का भी स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने एयरपोर्ट निर्माण कार्यों में गति लाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला आयुष समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई संपन्न

**गौतमबुद्धनगर।** जिला अधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्षा में में आयुष समिति की बैठक संपन्न हुई। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ रामनिवास सिंह ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जिला आयुष सोसायटी के खाते में उपलब्ध धनराशि है। योग प्रशिक्षण एवं सहायक के वेतन का भुगतान मई 2025 तक किया जा चुका है। साथ ही बताया कि जनपद में दो योग वैलनेस सेंटर कार्यरत हैं तथा दोनों पर ही एक-एक योग प्रशिक्षक एवं एक-एक योग सहायक कार्यरत हैं।
उन्होंने यह भी बताया कि आईएमपीसीएल के माध्यम से नियमित दवाई की आपूर्ति हो रही है, जिसे समय अनुसार विभिन्न चिकित्सालयों में आवश्यकता अनुसार वितरण किया जा रहा है एवं चिकित्सालय में आयुष औषधियां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं तथा



औषधियों का रखरखाव उचित प्रकार से किया जा रहा है। प्रतिमाह आयुर्वेदिक/यूनानी औषधियां के सैंपल राजकीय विश्लेषक लखनऊ को परीक्षण हेतु प्रेषित किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी अधिकारी ने जिला आयुष समिति की बैठक की समीक्षा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपद में जो आयुष मिशन के कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, उनका व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराया जाए, ताकि जनपद के अधिक से अधिक लोग आयुष मिशन के कार्यक्रमों का लाभ उठा सकें एवं जनपद में संचालित योग वैलनेस सेंटर का मानकों के अनुरूप संचालन करते हुए अधिक से अधिक लोगों को योग के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही आयुष विभाग के अधिकारियों को कहा की आगामी सितंबर में इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आयुष विभाग के स्टॉल को लेकर अपनी कार्य योजना समय रहते पूर्ण कर ली जाए। इस महत्वपूर्ण बैठक में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ रामनिवास सिंह, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रीति सिंघल एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गोशाला के गोवंशों के गोबर से बनेगी बायो गैस

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा का पहला कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट प्राधिकरण द्वारा संचालित जलपुरा स्थित गोशाला में स्थापित किया जाएगा। इस प्लांट का शिलान्यास दादरी विधायक तेजपाल नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा और एसीइओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने किया। यह प्लांट गोवंशों के गोबर से संचालित होगा और इसकी क्षमता 50 टन प्रति दिन होगी। लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से यह प्लांट एक वर्ष में पूरा हो जाएगा। प्लांट निर्माण का संपूर्ण खर्च निर्माणकर्ता एजेंसी द्वारा वहन किया जाएगा। शिलान्यास समारोह में दादरी विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि गोमाता की सेवा पुण्य का कार्य है। उन्होंने गोशाला में गोवंशों की अच्छी देखभाल की सराहना की। विधायक ने बताया कि इस प्लांट से कई लाभ होंगे। गोबर प्रोसेसिंग से ईंधन मिलेगा और आमदनी भी होगी। इससे गोशाला के संचालन में सहायता मिलेगी।

# नोएडा में खाद्य विभाग ने 14 प्रतिष्ठानों पर की छापेमारी

**378 किलो सामान सीज, 35 किलो खोया नष्ट, रिपोर्ट के बाद होगा एक्शन**

**नोएडा।** रक्षाबंधन जैसे बड़े त्योहार से पहले नोएडा में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने मिलावटी मिठाइयों और तेल की रोकथाम के लिए मोर्चा संभाल लिया है।
बीते 24 घंटों में विभाग की कई टीमों ने शहर के अलग-अलग इलाकों में मिठाई की दुकानों, तेल ट्रेडर्स और खाद्य सामग्री विक्रेताओं पर छापेमारी की। इस दौरान कई जगहों से सैंपल लिए गए, जबकि संदिग्ध खाद्य पदार्थ को सीज या नष्ट भी किया गया।
सहायक आयुक्त (खाद्य द्वितीय) सर्वेश मिश्रा ने बताया कि दादरी क्षेत्र के इटेहरा स्थित सुंदर ट्रेडिंग से रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल का सैंपल लिया गया। जांच के दौरान पाया गया कि 150 किलो राइस ब्रान ऑयल में मिलावट की आशंका है, जिसके चलते उसे मौके पर ही सीज कर दिया गया।

### 178 किलो रिफाइंड किया सीज

वहीं, बिसरख की बीकानेरी स्वीट्स दुकान से लड्डू का एक सैंपल लिया गया, जिसे लैब भेजा गया है। इसी क्रम में कुलेसरा में मुस्कान ट्रेडर्स से दो सैंपल लिए गए।
एक मुनक्का और एक रिफाइंड सोयाबीन ऑयल का। लेकिन जब अधिकारी ने इन उत्पादों की पैकेजिंग जांची तो उस पर बैच नंबर और एक्सपायरी डेट गायब थे। नियमों के तहत यह बड़ी लापरवाही मानी जाती है, इसलिए लगभग 15 किलो मुनक्का और 178 किलो रिफाइंड सोयाबीन ऑयल सीज कर दिया गया।
एक अन्य टीम ने ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर इंडस्ट्रियल एरिया साइट सी स्थित नमस्कार स्वीट्स पर छापा मारा। यहां से दूध, छेना और खोया के सैंपल लिए गए।

# नोएडा में इंडस्ट्रियल सेक्टर का बढ सकता है एफएआर

## एमएसएमई को मिलेगा विस्तार, बोर्ड में जाएगा प्रस्ताव, मांगी जाएंगी आपत्तियां

**नोएडा।** नोएडा कारोबारियों को इंडस्ट्री विस्तार के लिए बेहतर विकल्प देने जा रहा है। इसके लिए यहां इंडस्ट्रियल सेक्टर के फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) को बढ़ाया जा सकता है।
प्राधिकरण का नियोजन विभाग इसकी तैयारी कर रहा है। क्योंकि एफएआर बढ़ने के साथ ही इंडस्ट्री का दायर बढ़ेगा। ऐसे में वहां पार्किंग, सड़क और इन्फ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान देना होगा। किन सेक्टरों में एफएआर को बढ़ाया जा सकता है। इसका सर्वे किया जा रहा है।

### वर्तमान में ये है स्थिति

सीईओ लोकेश एम ने बताया कि एफएआर बढ़ने से कारोबारियों को फायदा होगा। वो अपनी इंडस्ट्री का विस्तार कर सकेंगे। एफएआर कितना बढ़ा सकते है बॉयलॉज के अनुसार इसका अध्यन किया जा रहा है।
नोएडा में वर्तमान में 1 हजार वर्गमीटर तक के इंडस्ट्रियल प्लाट का एफएआर 1.5 है। वहीं 1000 से 12 हजार वर्गमीटर तक इंडस्ट्रियल प्लाट का एफएआर 1.3 है। इसी प्रकार फ्लैटेड इंडस्ट्री के लिए एफएआर 1.4। इसके अलावा आईटी सेक्टर में एफएआर 2.5 है।

**बोर्ड में जाएगा प्रस्ताव**

प्राधिकरण ने बताया कि इंडस्ट्रियल सेक्टरों में ही एफएआर बढ़ाया जाएगा। लेकिन उससे पहले कई अन्य शर्त भी लगाई जाएंगी। ताकि सेक्टर में जाम, पानी और सीवर जैसी समस्या न हो। इसके लिए तैयारी की जा रही है। प्रस्ताव तैयार कर बोर्ड में भेजा जाएगा। वहां से अनुमोदन के बाद शहरवासियों से आपत्तियां मांगी जाएंगी आपत्तियों का निवारण के बाद ही एफएआर को बढ़ाने पर मुहर लगेगी।

### दो सगे भाइयों समेत तीन पर कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज, मारपीट का भी आरोप

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के औरंगपुर गांव में एक व्यक्ति के मकान की दीवार का निर्माण रोकने का मामला सामने आया है। पीड़ित कृष्ण ने गांव के ही दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों पर मकान की दीवार का निर्माण रोकने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। कृष्ण ने अपनी शिकायत में बताया कि गांव में उनका पुश्तैनी मकान है। वह इस मकान में परिवार के साथ पिछले 50 वर्षों से रह रहे हैं। मई महीने में तेज आंधी और बारिश के कारण मकान की एक दीवार टूट गई थी।

# नोएडा में कंपनी दो साल के लिए ब्लैकलिस्ट

## इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स निर्माण में लापरवाही पर प्राधिकरण की कार्रवाई, जून 2025 तक पूरा होना था काम

**नोएडा।** सेक्टर-151ए में नोएडा इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स का निर्माण कर रही कंपनी को दो साल के लिए ब्लैक लिस्ट किया गया है। उसकी जमा की गई धरोहर राशि को भी जमा कर लिया गया है। इससे संबंधित एक नोटिस कंपनी को जारी कर दिया गया है। गोल्फ कोर्स में अब भी 38 करोड़ का काम बचा है। इसे पूरा करने के लिए दूसरी कंपनी का चयन किया जाएगा। इसके लिए टेंडर जारी किया जा रहा है। प्राधिकरण ने बताया कि- इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स के निर्माण के लिए 1 जुलाई 2021 को कंपनी कश्यपी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के साथ एग्रीमेंट किया गया। जिसका काम 30 जून 2022 तक पूरा होना था। कार्यस्थल पर कई बाधाओं के कारण समय-समय पर सक्षम स्तर से निर्माण कार्य पूरा करने के लिए टाइम एक्सटेंशन दिया गया। साथ ही 30 जून 2025 तक काम पूरा करने की नई डेड लाइन तय की गई।
इस डेट को भी निर्माण कार्य पूरा नहीं किया जा सका। इस बीच 18 नवंबर 2024 और 24 जून 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। कंपनी का जवाब संतोषजनक नहीं



मिला। ऐसे में एग्रीमेंट की शर्तों का उल्लघंन करने के एवज में जमा की गई धरोहर राशि को जमा करते हुए कंपनी को दो साल के लिए ब्लैक लिस्ट कर दिया गया।

### अभी नहीं खुली मेंबरशिप

गोल्फ कोर्स में एक हजार सदस्य बनने के बाद मेंबरशिप को बंद कर दिया गया था। इसका निर्माण इसी मेंबरशिप के पैसों पर किया जा रहा है। निर्माण पूरा नहीं होने मेंबरशिप को रि-ओपन नहीं किया गया है। बताया गया कि अब भी करीब 2.5 हेक्टेयर जमीन किसानों ने नहीं दी है। इस जमीन को अर्जेंसी क्लाज के तहत लिया जाएगा।

### 140 करोड़ में बन रहा गोल्फ कोर्स

परियोजना जुलाई 2021 में शुरू की गई। इसका 68 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। 38 करोड़ का काम अभी बचा है। इसे पूरा करने के लिए नई कंपनी को काम अवॉर्ड किया जाएगा। अब इसकी लागत 140 करोड़ हो चुकी है। जिसमें सिविल कार्य में करीब 81 करोड़, इंटीरियर से लेकर हॉर्टिकल्चर का काम होना है। योजना का कुल एरिया करीब 113.87 एकड़ है।

### 113 एकड़ में बन रहा गोल्फ कोर्स

94.369 एकड़ में गोल्फ एरिया
6.895 एकड़ में क्लब और पार्किंग एरिया
7.910 एकड़ में ड्राइविंग रेंज एरिया
4.702 एकड़ में एनटी लाइन एरिया
9.289 एकड़ में हेलीपोर्ट
4.614 एकड़ में हेलीपोर्ट एप्रोच रोड एरिया बनाया जा रहा है।

# ग्रेटर नोएडा में पुलिस और कुख्यात बदमाश के बीच मुठभेड़

**सुंदर भाटी गैंग का सदस्य धर्मेंद्र गोली लगने से घायल, साथी फरार**

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में थाना इकोटेक प्रथम और स्वाट टीम की कुख्यात बदमाश के साथ मुठभेड़ हुई। स्वाट टीम गौतमबुद्धनगर और थाना इकोटेक प्रथम पुलिस द्वारा डिक्सन कंपनी कट के पास बैरियर लगाकर चेकिंग की जा रही थी।
इस दौरान एक बिना नंबर प्लेट की ग्लैंजा कार को रुकने का इशारा किया गया। कार सवारों ने रुकने के बजाय तेजी से भागते हुए पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने पीछा किया तो बदमाशों ने बंद भट्ठा के पास कच्ची सड़क पर गाड़ी छोड़कर फिर से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान धर्मेंद्र उर्फ डीके (30 वर्ष) के रूप में हुई है। वह ग्राम कामबख्श डेरिन, थाना नॉलेज पार्क, गौतमबुद्धनगर का रहने वाला है। बदमाश के पास से बिना नंबर प्लेट की ग्लैंजा कार, एक अवैध पिस्टल और भारी मात्रा में खोखा व जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।



# शहर में जलभराव का जिलाधिकारी ने लिया जायजा, नालियों की सफाई के दिए निर्देश

**अत्याधिक बारिश के बाद पीलीभीत शहर के कई इलाकों में जलभराव**





**पीलीभीत।** लगातार हो रही अत्याधिक बारिश के चलते शहर के कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

इसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने सोमवार को शहर के विभिन्न जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और मौके पर व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अशोक कॉलोनी, डिग्री कॉलेज चौराहा, गांधी स्टेडियम, गौहनिया चौराहा, चीनी मिल रोड और स्टेशन रोड जैसे क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति देखी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल निकासी की व्यवस्था त्वरित रूप से की जाए। विशेष रूप से नालों और नालियों में भरे कूड़े-कचरे को तत्काल हटाया जाए ताकि पानी का सहज रूप से निकास हो सके।

साथ ही इन क्षेत्रों में साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए गए।निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), नगर मजिस्ट्रेट, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि बारिश के दौरान सतर्क रहें और अनावश्यक रूप से जलभराव वाले क्षेत्रों की ओर न जाएं।

# यातायात पुलिस ने 118 वाहन चालकों के किए चालान



**ललितपुर।** यातायात पुलिस ने यातायात नियमों का पालन न करने पर चार वाहन सीज कर दिए और 118 वाहनों का चालान किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा आगमी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षित यात्रा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के क्रम में दिनांक 05/08/25 को यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों/ तिराहों पर ड्रिंक × ड्राइव,बिना हेलमेट, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, क्षमता से अधिक सावरी, स्टंटिंग आदि के प्रति आम जनमानस को जागरूक करते हुए प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही की गई। प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत बिना हेलमेट के 41 चालान, 2 पहिया वाहन पर तीन सवारी 27 चालान, स्टंटिंग के 5 चालान, ड्रिंक × ड्राइव के 2 चालान, बिना सीट बेल्ट के 13 चालान, क्षमता से अधिक सावरी के 7 चालान, मॉल वाहक वाहनों पर सवारी बैठाने के 4 चालान करते हुए अन्य एम वी एक्ट के उपबंधों के 23 चालान करते हुए कुल 118 वाहनों के चालान किए गए।

## शार्ट न्यूज़

### सौजना पुलिस ने चार वारंटी किए गिरफ्तार



**ललितपुर ।** सौजना पुलिस ने चार वारंटी गिरफ्तार किए हैं। पुलिस वारंटियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर रही है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्र के निकट पर्यवेक्षण मे वाँछित /वारन्टी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना सौजना पुलिस द्वारा वारण्टीगण काशीराम कल्लू उर्फ हीरालाल राजेश भगवानदास सम्बन्धित न0मु0 1070/14 अन्तर्गत धारा 323/504/506/435 IPC को नियमानुसार गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय महरौनी के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम थानाध्यक्ष पारुल सिहं उ.नि. भूपेन्द्र कुमार हे. का. नीरज कुमार का. गौरव कुमार आदि शामिल रहे।

### हत्या के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार



**ललितपुर।** मंडावरा मारपीट में युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने 24 घण्टे के अन्दर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक, कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी मड़ावरा कृष्ण कुमार मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मड़ावरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 195/2025 धारा 191(2)/191(3)/190/115(2)/ 351(2)/351(3)/103(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त दुर्जन उर्फ छोटू उम्र करीब 25 वर्ष पुष्पेन्द्र उम्र करीब 30 वर्ष व अन्य मनोहर उम्र करीब 35 वर्ष को रोहिणी डैम के पास थाना मड़ावरा ललितपुर से नियमानुसार गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

### नगर आगमन पर अशोक साहू को किया सम्मानित



**ललितपुर।** महरौनी मध्य प्रदेश शासन द्वारा तेलघानी समाज के समग्र विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं के विस्तार हेतु अशोक साहू के लिए टीकमगढ़ विधानसभा प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। प्रथम नगर आगमन पर साहू समाज द्वारा अशोक साहू का भव्य स्वागत किया गया। तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री रविकरण साहू ने अशोक साहू के लिए इस पद की जिम्मेदारी दी। इस दौरान बताया गया कि तेलघानी बोर्ड के कार्यों को विधानसभा स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने व समाज के विभिन्न वर्गों को लाभ पहुंचाने के लिए विधानसभा प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। महरौनी आगमन पर भगवान जगन्नाथ कर्मा देवी समिति के अध्यक्ष विजय कुमार साहू द्वारा समिति के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में अशोक साहू को सम्मानित किया गया।

### स्कूल की तीसरी मंजिल से गिरी छात्रा

**लखनऊ ।** लखनऊ के गोमती नगर के मॉडर्न एकेडमी स्कूल में मंगलवार दोपहर तीसरी मंजिल से छात्रा संदिग्ध हालत में गिर गई। छात्रा को नीचे गिरता देख स्कूल के दूसरे स्टूडेंट्स जोर से चिल्लाए और अफरा-तफरी मच गई। छात्रों ने फौरन शिक्षकों को सूचना दी। शिक्षक और कर्मचारी चोटिल छात्रा को उठाकर कार्यालय लाए। स्कूल प्रबंधन ने आनन-फानन में छात्रा को एम्बुलेंस से नजदीकी लोहिया संस्थान ले जाकर भर्ती कराया। साथ ही पुलिस और घरवालों को सूचना दी। छात्रा के पिता पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) संतोष सिंह उन्नाव के बांगरमऊ में तैनात है। पिता ने बताया कि बेटी खतरे से बाहर है। डॉक्टरों की निगरानी में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि बेटी तीसरी मंजिल पर रेलिंग के पास खड़ी थी। चक्कर आने पर नीचे गिर गई।

### मेरठ में घर में मिला युवक का शव

**मेरठ।** मेरठ के किठोर में एक घर के अंदर युवक का गोली लगा शव मिलने पर सनसनी फैल गई। सूचना पाकर सीओ किठौर मौके पर पहुंचे और परिवार के लोगों से बात की। बताया जाता है कि मृतक का भाई कुट्टी काटने के बाद जब घर के अंदर पहुंचा तो उसे अपने भाई का खून से लथपथ मिला जिसको माथे पर गोली लगी थी। किठौर थाना क्षेत्र के खादर स्थित नदल्लीपुर गांव का मामला है, जहां घर के भीतर युवक का गोली लगा शव मिलने के बाद कोहराम मच गया। मृतक का नाम अतुल बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, अतुल का भाई अनुज घर के आंगन में लगी कुट्टी मशीन से चारा काट रहा था। वह जब घर के अंदर पहुंचा तो उसने अतुल को लहूलुहान देखकर शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग भी वहां एकत्र हो गए। जिस वक्त यह घटना घटी उसे वक्त अतुल की पत्नी और मां जाहरवीर बाबा के मेले में घूमने के लिए गए हुए थे। पुलिस को मौके से 315 बोर की लाइसेंसी रायफल भी मिली है जो मृतक अतुल के बड़े भाई अनुज के नाम है। परिवार में तीसरा भाई अनुराग है जो मां और भाभी को लेकर परीक्षितगढ़ मेले में गया हुआ था।

# लखनऊ में ट्रांसपोर्टनगर-इंडस्ट्रियल एरिया पानी में डूबे

**लखनऊ।** लखनऊ में बारिश हो रही है। शाम को बारिश होने से सड़कों पर वाहनों की कतार लग गई। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के सामने 1 किमी लंबा जाम लग गया है। लगातार बारिश से गऊ घाट-मेहंदी घाट पीपा पुल टूट गया है। इससे 15 गांवों का संपर्क टूट गया। सरोजनीनगर इंडस्ट्रियल एरिया और ट्रांसपोर्ट नगर पानी में डूब गए हैं।

शहर में बीते 24 घंटे में 60.6 मिलीमीटर बरसात हुई। इससे एक दिन में हुई सबसे ज्यादा बारिश का चार साल का रिकॉर्ड टूट गया। लगातार हुई बारिश से नगर निगम के कार्यालय की छत टपक रही है। कई इलाकों में जबरदस्त जलभराव है। कॉलोनियों की सड़कों पर कीचड़ ही कीचड़ है। बारिश के चलते जन-जीवन अस्तव्यस्त हो गया है।

सोमवार को नाका क्षेत्र में एक घर गिर गया। वहीं, ठाकुरगंज में एक इमारत झुक गई।

# आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण में झांसी रेंज चौथी बार अव्वल

**रेंज के जनपद प्रभारी प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध कराएं विधिक निस्तारण**



**ललितपुर।** झांसी माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समन्वय शिकायत निवारण प्रणाली में माह जुलाई 2025 की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त होने पर पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी केशव कुमार चौधरी द्वारा बताया गया कि आईजीआरएस, जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर माह जुलाई 2025 में जो शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये उनका शासन की मंशानुरूप नियत समय में विधिक निस्तारण किया गया जिससे आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली माह- जुलाई 2025 मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश के परिक्षेत्रों की रैकिंग में झांसी परिक्षेत्र ने लगातार चौथी (04) बार प्रथम रैंक प्राप्त की है।

डी.आई.जी. द्वारा प्रभारी आई.जी.आर.एस./ सीसीटीएनएस उ0नि0 राजेश सिंह, रेंज कोर्डिनेटर विमल कुमार श्रीवास्तव, मु0आ0 देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं प्रियंका गुप्ता कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए को प्रोत्साहन हेतु नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। डीआईजी द्वारा परिक्षेत्र के जनपद प्रभारियों को आई.जी.आर.एस. प्रणाली से प्राप्त शिकायतों का उच्चकोटि की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने एवं जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर शासन के मंशानुरूप पूर्ण मनोयोग से उनकी समस्याओं के विधिक निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

# गजरौला कला में जलभराव की समस्या पर ग्रामीणों की शिकायत पर हरकत में आया प्रशासन

**केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद की फटकार के बाद मौके पर पहुंचे तहसीलदार, जेसीबी से नाला खुदवाकर दिलाया राहत**



गजरौला कला (पीलीभीत)। लगातार बारिश के चलते जलभराव की समस्या से परेशान ग्रामीणों की शिकायत पर केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने तत्काल संज्ञान लिया, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया और समस्या का त्वरित समाधान कराया गया।दरअसल, गजरौला कला कस्बे के सहराई क्षेत्र में हाईवे के पास स्मार्ट सिटी के नाम से प्लॉटिंग करने वाले एक निजी प्लांट संचालक द्वारा बाउंड्री वॉल बनाकर पानी के बहाव को अवरुद्ध कर दिया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि इस अवरोध के चलते बारिश के समय पीछे बसे कम से कम 30 परिवारों के घरों तक पानी भर जाता है और खड़ंजे पर कमर तक पानी चलने लगता है, जिससे आवाजाही मुश्किल हो जाती है। गांव में आयोजित जन चौपाल के दौरान जब केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद लोगों की समस्याएं सुन रहे थे, तभी स्थानीय निवासी नन्हेंलाल कश्यप, रामप्रताप वर्मा, भोजराज कश्यप, बबलू जायसवाल, दीनदयाल, सुरेश, रूपलाल, राममिलन, विनोद, पर्वत, हरिचंद, पप्पू सक्सेना, राजेंद्र, विनय जायसवाल, संजय शर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने मंत्री के समक्ष जलभराव की समस्या उठाई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय मंत्री ने जिलाधिकारी को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार परितोष द्विवेदी तत्काल मौके पर पहुंचे और जेसीबी मशीन से नाला खुदवाकर जल निकासी की व्यवस्था कराई। इससे क्षेत्रवासियों को राहत मिली और जलभराव की स्थिति में सुधार आया।

ग्रामीणों ने त्वरित कार्रवाई के लिए प्रशासन का आभार जताया और कहा कि यदि अधिकारियों की यही तत्परता बनी रही तो भविष्य में इस तरह की समस्याओं का समाधान समय पर हो सकेगा।

### प्रयागराज में हत्या कर लाश झाड़ियों में छिपाई

**प्रयागराज।** प्रयागराज में अधेड़ की हत्या कर उसकी लाश झाड़ियों में फेंक दी गई। जब वो शाम को घर नहीं लौटा, तो उसके बेटे ने तलाश शुरू की। नाते-रिश्तेदार गांवों में पूछने पर कोई जानकारी नहीं मिली। तो पुलिस के पास जाकर गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की, तो 12 घंटे बाद खेत में एक लाश मिली। पुलिस ने बेटे को घटनास्थल पर बुलाया। बेटे लाश देखकर रोने लगा। बोला-ये मेरे ही पापा हैं। पुलिस को थोड़ी दूर पर ई-रिक्शा खड़ा मिला। जहां पर शराब की बोतल थी। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि हत्या कहीं और करके लाश को यहां फेंका गया है। ये मामला एयरपोर्ट थाना क्षेत्र का है। मृतक का नाम अशोक पाल है, जो असरावल कला गांव का रहने वाला है। ई-रिकशा चलाता है। बेटे का नाम अनिल पाल है, तो मजदूरी करता है। पुलिस के मुताबिक, यूनाइटेड कालेज एंड हॉस्पिटल के करीब झाड़ियों में लाश मिली है। औंधे मुंह लाश थी। शरीर से पेंट उतार दी गई थी।

# जनता दर्शन में अधिकारियों को दिए निर्देश, मौके पर सुनी लोगों की समस्याएं



**पीलीभीत।** शासन के निर्देशानुसार चल रहे जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को श्रीपरमअक्रियधाम आश्रम, खमरिया पुल कार्यालय पर जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे।

अधिकारियों ने प्रत्येक व्यक्ति की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनदर्शन में मुख्य रूप से सड़क, बिजली, जल आपूर्ति, पेंशन, आवास, एवं राजस्व से जुड़ी शिकायतें सामने आईं।

कार्यक्रम में अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएगा। साथ ही यह भी कहा कि शासन की मंशा के अनुसार जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। जनदर्शन में कई बुजुर्ग, महिलाएं और दिव्यांगजन भी पहुंचे जिनकी समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

लोगों ने जताया आभार जनदर्शन में पहुंचे लोगों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से उन्हें अपनी बात सीधे अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिलता है, जिससे समाधान की उम्मीद बंधती है।

# मुरादाबाद में महिला से बैडटच करने वाले का एनकाउंटर

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में बुर्का पहनी महिला से सरेआम छेड़खानी करने वाले आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में पैर में गोली मारकर पकड़ लिया है। सोमवार रात 12 बजे पुलिस चेकिंग कर रही थी, तभी आरोपी बाइक से आया। पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में पुलिस ने उसके बाएं पैर में गोली मार दी। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। एनकाउंटर की सूचना पर एसपी सिटी अस्पताल पहुंचे। उन्हें देखकर आरोपी कान पकड़कर माफी मांगने लगा।

कहा- अब कभी ऐसा नहीं करूंगा, मुझे एक बार माफ कर दो। मुठभेड़ जिगर कॉलोनी में नट बाबा मठ के पीछे रामगंगा घाट पर हुई। आरोपी आदिल (22) से पुलिस ने तमंचा और बाइक बरामद की है।

# ईंट से हमला कर वृद्ध की निर्मम हत्या, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**परसिया गांव की घटना से फैला सनसनी, पुलिस जुटी जांच में**

**बीसलपुर ( पीलीभीत )।** थाना क्षेत्र के परसिया गांव में सोमवार रात दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई, जहां मामूली कहासुनी के बाद एक दबंग ने 60 वर्षीय वृद्ध की ईंट से कुचलकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान परसिया गांव निवासी ढाकन लाल (60) के रूप में हुई है। परिजन और ग्रामीणों के मुताबिक, सोमवार रात ढाकन लाल भोजन के बाद नहर के पास बनी अपनी पशुशाला की ओर जा रहे थे। रास्ते में गांव का ही रामपाल उर्फ पप्पू नशे में धुत होकर गाली-गलौज कर रहा था। जब ढाकन लाल ने उसे टोका, तो रामपाल आगबबूला हो गया और पास में पड़ी ईंट उठाकर वृद्ध पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। ईंट से हुए हमले में वृद्ध के चेहरे और सिर पर गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। कुछ देर बाद रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों ने शव देखा तो गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और रो-रोकर बेहाल हो गए।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के कुछ ही देर बाद पुलिस ने नामजद आरोपी रामपाल उर्फ पप्पू को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष संजीव शुक्ला ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला गाली-गलौज के विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। मृतक के पुत्र हरपाल की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

**ग्रामीणों में दहशत, पीड़ित परिवार की मांग - मिले कड़ी सजा**

घटना के बाद पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपी को कड़ी सजा दिलाई जाए और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

# अमित शाह का कार्यकाल बना ऐतिहासिक, बरखेड़ा विधायक ने दी बधाई



**पीलीभीत।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय गृहमंत्री के रूप में 2258 दिन (6 वर्ष 65 दिन) का कार्यकाल पूरा कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी के 2256 दिनों के कार्यकाल को पीछे छोड़ दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गृह मंत्री के रूप में अमित शाह ने देश की अखंडता और आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए कई साहसिक और दूरगामी निर्णय लिए। उनके कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धियों में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाना, नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लागू करना, वामपंथी उग्रवाद और नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई और आंतरिक सुरक्षा के लिए सशक्त कदम शामिल हैं। इसके अलावा हाल ही में लाए गए तीन नए आपराधिक कानूनों को भी उनके कार्यकाल की प्रमुख पहल के रूप में देखा जा रहा है।

इस उपलब्धि के अवसर पर बरखेड़ा विधायक और महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने स्वयं दिल्ली जाकर गृह मंत्री से मुलाकात कर फूलों का गुलदस्ता देकर उन्हें इस ऐतिहासिक कार्यकाल के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

गृह मंत्री के इस प्रभावशाली कार्यकाल पर बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने भी उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। लोगों का कहना है कि अमित शाह के नेतृत्व में देश ने आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व मजबूती हासिल की है और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने वाले फैसलों से देश को नई दिशा मिली है।

बरखेड़ा क्षेत्र के नागरिकों ने उम्मीद जताई है कि आगे भी अमित शाह इसी तरह राष्ट्रहित में ऐतिहासिक निर्णय लेते रहेंगे।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**हर घर तिरंगा अभियान तीन चरणों में संचालित होगा, चौराहों से लेकर पंचायत भवनों तक सजेंगे तिरंगे**

**पीलीभीत।** आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य और अनुशासित रूप से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में स्वतंत्रता दिवस 2025 की तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई और जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त की सुबह 8 बजे जिले के सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी और निजी संस्थानों पर ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद राष्ट्रीय गान होगा। जिले के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों और चौराहों को तिरंगे रंग की लाइटिंग और झंडों से सजाया जाएगा।

शहीदों को दी जाएगी श्रद्धांजलि, होगा फल वितरण सुबह 9: 30 बजे शहीद दामोदर पार्क (गैस चौराहा) पर नगर मजिस्ट्रेट श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रभक्ति संगीत प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं शहीद पार्क, बल्लभनगर कॉलोनी में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

इसके अलावा रामस्वरूप पार्क में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम होगा।स्वतंत्रता दिवस के दिन ही प्रातः 11: 30 बजे जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक जिला कारागार में जाकर बंदियों को फल वितरित करेंगे। इसी समय मुख्य विकास अधिकारी वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां रह रहे बुजुर्गों को फल वितरित करेंगे।

हर घर तिरंगा अभियान तीन चरणों में संचालित होगा बैठक में बताया गया कि 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान को तीन चरणों में संचालित किया जाएगा: प्रथम चरण (2 से 8 अगस्त): विद्यालयों की दीवारों और बोर्डों को तिरंगा रंग से सजाया जाएगा, तिरंगा रंगोली, राखी निर्माण, सैनिकों और पुलिस के लिए राखी तैयार करने जैसी गतिविधियाँ होंगी।

द्वितीय चरण (8 से 12 अगस्त): तिरंगा महोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी और सेल्फी प्वाइंट पर फोटो लेकर 'हर घर तिरंगा डॉट कॉम' पर अपलोड करने की पहल होगी।

तृतीय चरण (13 से 15 अगस्त): खादी भंडार एवं वस्त्रालयों के माध्यम से तिरंगे की बिक्री, शासकीय भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, पुलों, कार्यालयों, वाहनों आदि पर झंडारोहण और सजावट सुनिश्चित की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### चिली में ढही हुई खदान में फंसे चार खनिकों के शव बरामद

**सैंटियागो, एजेंसी।** चिली की सबसे बड़ी तांबे की खदानों में से एक के ढहे हुए हिस्से में तीन दिनों से फंसे पांच खनिकों में से चार के शव मिल गए हैं। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि मृतकों की पहचान कर ली गई है। राजधानी सैंटियागो से लगभग 100 किलोमीटर दक्षिण में स्थित एल टेनिएंटे खदान के बचावकर्मी अभी भी पांचवें खनिक की तलाश कर रहे हैं, जिसकी पहचान मोइसेस पावेज के रूप में हुई है। जीपीएस उपकरणों की मदद से फंसे हुए खनिकों का पता लगाया गया, लेकिन बचावकर्मियों को उन तक पहुंचने के लिए दर्जनों मीटर गहरी चट्टान खोदनी पड़ी। गुरुवार को 4.2 तीव्रता के भूकंप के बाद खदान का एक हिस्सा ढह गया, जिसमें एक श्रमिक की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए।

### न्यूजीलैंड में सूटकेस में बंद मिली दो साल की बच्ची, महिला गिरफ्तार

**वेलिंगटन, एजेंसी।** रविवार को न्यूजीलैंड की एक महिला को बाल उपेक्षा के आरोप में गिरफ्तार किया गया। बस चालक को बस के सामान डिब्बे में रखे एक सूटकेस में दो साल की बच्ची जिंदा मिली। पुलिस ने एक बयान में बताया कि ऑकलैंड के उत्तर में कैवाका बस्ती में एक निर्धारित स्टॉप के दौरान, जब बस चालक ने बस में रखे एक बैग के अंदर हलचल देखी। इसके बाद सूटकेस को खोला गया, तो उन्हें दो साल की बच्ची मिली। बच्ची शारीरिक रूप से ठीक थी। अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि बच्ची कितनी देर तक सूटकेस में बंद थी। बच्ची को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे स्थानीय समयानुसार रविवार रात तक रखा गया।

### नेपाल में हेरोइन रखने के आरोप में दो भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मादक पदार्थ रखने के आरोप में दो भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। नेपाल पुलिस ने बताया कि 32 वर्षीय मौलेश्वरन एन करुणई वेल को 4 किलोग्राम से थोड़ी अधिक सफेद हेरोइन के साथ पकड़ा गया। वह बैंकॉक से आया था और सुरक्षा जांच के दौरान उसके सूटकेस में ये दवाएं पाई गईं। पुलिस के अनुसार, एक अलग घटना में 66 वर्षीय अहमद फिरोज के पास से भी 4 किलोग्राम से अधिक सफेद हेरोइन बरामद हुई। वह शनिवार को बैंकॉक से थाई एयरलाइंस की उड़ान से आया था और आगमन लॉन पर सुरक्षा जांच के दौरान उसे पकड़ लिया गया। दोनों व्यक्तियों को आगे की जांच के लिए नारकोटिक ड्रग्स कंट्रोल ब्यूरो को सौंप दिया गया।

### मोंटाना में चार लोगों का संदिग्ध हत्यारा पूर्व अमेरिकी सैनिक अभी भी फरार

**हेलेना, एजेंसी।** मोंटाना के एक बार में चार लोगों की हत्या का संदिग्ध पूर्व अमेरिकी सैनिक अभी भी फरार है। अधिकारियों ने बताया कि वह कपड़ों और कैंपिंग के सामान से भरी एक चोरी की गाड़ी में भाग गया था, उसके पास हथियार होने की आशंका है। अधिकारियों का मानना है कि 45 वर्षीय माइकल पॉल ब्राउन ने शुक्रवार सुबह मोंटाना के एनाकोंडा स्थित द आउल बार में चार लोगों की हत्या कर दी। यह बार मिसौला से लगभग 120 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में पहाड़ों से घिरी एक घाटी में स्थित है। मोंटाना के अटॉर्नी जनरल ऑस्टिन नुडसेन ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ब्राउन ने एक राइफल से गोलीबारी की, जिसके बारे में कानून प्रवर्तन अधिकारियों का मानना है कि वह उसका निजी हथियार था। पीड़ितों की उम्र 59 से 74 वर्ष के बीच थी और उनमें एक महिला बारटेंडर और तीन पुरुष ग्राहक शामिल थे।

### अमेरिकी खुफिया निदेशक से मिले भारतीय दूत क्वात्रा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनालड ट्रंप के टैरिफ घमासान के बीच भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। दोनों के बीच आपसी हित के विभिन्न मुद्दों पर सार्थक बातचीत हुई। क्वात्रा ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, डीएनआई तुलसी गबार्ड और उनके पति अब्राहम विलियम्स से मिलकर प्रसन्नता हुई। हमने आपसी हितों के विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। शनिवार को भारत ने अमेरिका में आठ और वाणिज्य दूतावास आवेदन केंद्र (आईसीएसी) खोले थे। इनको मिलाकर अमेरिका में केंद्रों की कुल संख्या 16 हो गई है। इस अवसर पर क्वात्रा ने कहा कि भारत-अमेरिका साझेदारी के मूल में लोगों के बीच आपसी संबंध हैं।

# पाकिस्तान-ईरान द्विपक्षीय व्यापार को 10 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने पर सहमत

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान और ईरान ने रविवार को द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 3 अरब अमेरिकी डॉलर वार्षिक से बढ़ाकर 10 अरब अमेरिकी डॉलर करने पर सहमति जतायी। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के बीच वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने 12 समझौतों और समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। सरकारी 'एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान' (एपीपी) के अनुसार, प्रधानमंत्री शरीफ ने राष्ट्रपति पेजेशकियन के साथ वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए नये द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य की घोषणा की। इस वार्ता के दौरान उन्होंने अपनी साझा सीमा पर आतंकवाद से निपटने के लिए सहयोग को मजबूत करने पर भी सहमति व्यक्त की। सहमति सुबह पाकिस्तान के वाणिज्य मंत्री जाम कमाल खान और ईरान के उद्योग, खान एवं व्यापार मंत्री मोहम्मद अताबाक के बीच हुई बैठक में बनी। शरीफ ने कहा कि ईरान को परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग का अधिकार है, जो इजराइल के साथ वर्तमान संघर्ष का मूल कारण रहा है। शरीफ ने कहा, ÷पाकिस्तान शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा प्राप्ति के लिए ईरान के साथ खड़ा है। उन्होंने ईरान पर हाल ही में हुए इजराइली हमलों की निंदा की और देश की मजबूत रक्षा के लिए तेहरान की सराहना की। एपीपी के अनुसार, शरीफ और पेजेशकियन की उपस्थिति में पाकिस्तान और ईरान ने 12 समझौतों और समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान किया। इनमें व्यापार, कृषि, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार, सूचना एवं संचार, और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग शामिल हैं। एपीपी ने कहा, ''प्रधानमंत्री शरीफ ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान और ईरान का नेतृत्व द्विपक्षीय व्यापार को यथाशीघ्र 10 अरब अमेरिकी डॉलर के लक्ष्य तक बढ़ाने के लिए उत्सुक है।'' दोनों नेताओं ने आतंकवाद से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की और अपनी साझा सीमा पर आतंकवाद से निपटने के लिए सहयोग को मजबूत करने पर सहमति जताई। पेजेशकियान ने कहा कि हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों में दोनों पक्षों के बीच मुक्त व्यापार समझौते को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने से संबंधित एक समझौता भी शामिल है। एपीपी ने कहा कि राष्ट्रपति पेजेशकियान ने इस बात पर संतोष जताया कि ÷दोनों पक्ष विविध क्षेत्रों में सहयोग के लिए गंभीर और ईमानदार प्रयास कर रहे हैं, और अपने वर्तमान 3 अरब अमेरिकी डॉलर के व्यापार को 10 अरब अमेरिकी डॉलर के अनुमानित लक्ष्य तक ले जाने के लिए प्रयास कर रहे हैं।÷ राष्ट्रपति पेजेशकियान शनिवार दोपहर लाहौर पहुंचे और शाम को राजधानी के लिए रवाना हुए। इस बीच, अताबाक के साथ खान की बैठक के बाद, पाकिस्तान के वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं के बीच उच्च-स्तरीय चर्चा ने व्यापार में तेज़ी लाने, सीमा संबंधी बाधाओं को दूर करने और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में विश्वास-आधारित साझेदारी बनाने के लिए दोनों पक्षों की ओर से नयी प्रतिबद्धता को दर्शाया।



# यूक्रेनी सेना में महिलाओं की संख्या दोगुनी हुई : साढ़े तीन साल में 1 लाख पहुंची



**कीव, एजेंसी।**
यूक्रेन और रूस युद्ध के बीच यूक्रेन की सेना में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। बीते साढ़े तीन साल में सेना में महिलाओं की संख्या बढ़कर एक लाख हो गई है। फिलहाल यूक्रेनी सेना में कुल 10 लाख सैनिक हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, युद्ध शुरू होने के बाद महिलाएं सेना में शामिल होने के ?लिए खुद आगे आ रही हैं। सशस्त्र बलों की सलाहकार ओक्साना ग्रिगोरिएवा बताती हैं कि रूस के खिलाफ फिलहाल साढ़े पांच हजार महिलाएं सीधे मोर्चे पर हैं।

ये महिलाएं ड्रोन से लेकर सीधे मोर्चे पर तोपें संभाल रही हैं। इसके अलावा ये मेडिकल सपोर्ट, फ्रंटलाइन ट्रांसपोर्ट जैसी ड्यूटीज भी निभा रही हैं। बता दें कि 2022 में रूस के आक्रमण से पहले सेना में 15त्न महिलाएं थीं। अब उनकी संख्या दोगुनी हो गई है। ग्रिगोरिएवा कहती हैं कि सैन्य स्कूलों और कॉलेजों में अब 20त्न छात्राएं हैं, जो बड़ा बदलाव है।

**ब्रिगेड में पुरुषों से भी ज्यादा मजबूत महिला सैनिक अलीनात्न** पूर्व पेशेवर हेप्टाथलीट अलीना शुख ने शुरू में प्रतिष्ठित अजोव ब्रिगेड में भर्ती होने की कोशिश की, लेकिन उन्हें बताया गया कि उनके लिए कोई पद नहीं है। इसके बाद वे खर्टिया ब्रिगेड में शामिल हुईं। शुख कहती हैं कि वह अपनी ब्रिगेड में ज्यादातर पुरुष सैनिकों से मजबूत हैं। वहीं, तोपखाने की कमांडर ओल्हा बिहार कहती हैं कि टेक्नोलॉजी युद्ध को बदल रही है। अब सबसे अच्छा सैनिक ड्रोन पायलट हो सकता है, जिनकी उगलियां तेज चलती हैं। वे कहती हैं कि मुझे उम्मीद है कि मैं एक दिन रक्षा मंत्री बनूंगी।

इनविजिबल बटालियन के एक रिसर्च प्रोजेक्ट में मदद करने वाली मारिया बर्लिंस्का रूस के शुरुआती आक्रमण के बाद से महिलाओं के लिए ज्यादा भूमिकाएं खोलने की कोशिश कर रही हैं। वे बताती है, हर युद्ध ने तकनीकी प्रगति और महिलाओं की आजादी को बढ़ावा दिया है। कई महिलाएं कानून के बावजूद लड़ाई में हिस्सा ले रही थीं, जिसमें वे कुक और क्लीनर के रूप में रजिस्टर होती थीं। हालांकि, महिलाओं को भर्ती करने पर कोई राजनीतिक बहस नहीं हुई है। थिंक-टैंक फ्रंटियर इंस्टीट्यूट के येवगेन ह्लिबोवित्स्की कहते हैं कि यह जोखिम भरा हो सकता है।

महिला कमांडर ट्विग यूक्रेनी सेना की पांच सदस्यों वाली एक महिला ड्रोन यूनिट का हिस्सा हैं। वे अपनी पांच महिला दोस्तों के साथ एक कैफे में रुकती हैं और मोइतो ऑर्डर करती है। वहीं, इस कैफे से कुछ दूर तोपों की गड़गड़ाहट सुनाई देती रही है। ट्विग की साथी टाइटन कहती हैं कि किलिंग शब्द का अर्थ हत्या है, जो गलत है। वह अपने काम को रशियन का सफाया कहना पसंद करती हैं। यूक्रेन सेना की सैनिक मारिया बर्लिस्का कहती हैं कि ड्रोन उड़ाने में लड़का-लड़की का अंतर मायने नहीं रखता।

### इजरायली बंधकों को सहायता देने को हमास तैयार, पर रख दी बड़ी शर्त; कब्जे में बचे अब कितने बंधक?

**काहिरा, एजेंसी।** गाजा में अभी भी कई इजरायली हमास के चंगुल में फंसे हुए हैं, जिनकी स्थिति काफी दयनीय हो चली है। हमास ने पिछले दिनों ऐसे ही बंधकों की दयनीय हालत बयां करता एक वीडियो साझा किया था, जिसकी अंतरराष्ट्रीय जगत में तीखी आलोचना हुई थी। अब हमास ने रविवार को कहा कि अगर इजरायल उसकी कुछ शर्तें पूरी करता है, तो वह गाजा में इजरायली बंधकों को सहायता पहुँचाने के लिए रेड क्रॉस के साथ समन्वय करने को तैयार है। हमास ने कहा कि वह रेड क्रॉस के साथ कोई भी सहयोग और समन्वय तभी करेगा, जह इजरायल गाजा पट्टी में स्थायी तौर पर मानवीय गलियारों को खोलेगा और वहां राहत और राशन वितरण के दौरान हवाई हमले रोकेगा। इजरायली अधिकारियों के अनुसार, गाजा में अभी भी 50 बंधक हमास के कब्जे में हैं, जिनमें से केवल 20 के ही जीवित होने की संभावना है। हमास ने अब तक ह्यूमन राइट संगठनों को इन बंधकों तक किसी भी तरह की पहुँच से रोक रखा है और परिवारों को उनकी स्थिति के बारे में बहुत कम या कोई जानकारी नहीं है। बता दें कि शनिवार को, हमास ने दो दिनों में इजरायली बंधक एव्यातार डेविड का दूसरा वीडियो जारी किया था।

# रूस और ईरान से तेल खरीदना बंद नहीं करेगा चीन, अमेरिका की मांग को ठुकराया

**बीजिंग, एजेंसी।**
अमेरिका, रूस और ईरान से कच्चा तेल खरीदने वाले देशों पर सख्ती कर रहा है। हालांकि चीन ने अमेरिका की इस मांग को मानने से साफ इनकार कर दिया है। चीन और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर भी बातचीत चल रही है और उम्मीद जताई जा रही है कि दोनों देशों में व्यापार समझौता जल्द हो सकता है, लेकिन रूस और ईरान से तेल न खरीदने की बात पर चीन ने सख्त रुख अपनाया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि चीन हमेशा देशहित को ध्यान में रखते हुए अपनी ऊर्जा जरूरतों की आपूर्ति सुनिश्चित करेगा।

अमेरिका ने 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी

अमेरिका ने रूस और ईरान से तेल खरीदने पर चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। जिस पर चीन के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि चीन हमेशा देशहित को ध्यान में रखते हुए अपनी ऊर्जा जरूरतों की आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। चीन ने कहा कि दबाव बनाने और जबरदस्ती से कुछ हासिल नहीं होगा। चीन अपनी संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की दृढ़ता से रक्षा करेगा। चीन की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय सामने आई है, जब दोनों देशों के अधिकारी स्टॉकहोम में व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। चीन के सख्त रुख पर तंज कसते हुए अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि जब रूस से तेल खरीदने की बात आती है, तब चीन अपनी संप्रभुता को बहुत गंभीरता से लेता है।



गौरतलब है कि अमेरिका का कहना है कि रूस से जो देश तेल खरीद रहे हैं, उससे रूस की सेना की मदद हो रही है और यूक्रेन में युद्ध जारी है। वहीं ईरान भी तेल बिक्री के पैसों से पश्चिम एशिया में आतंकी संगठनों को फंडिंग दे रहा है। ऐसे में अमेरिका में रूस और ईरान के वित्तपोषण पर रोक लगाना चाहते हैं। अमेरिका ने भारत पर भी इसके लिए 25 प्रतिशत टैरिफ और पेनल्टी लगाने की घोषणा की है। एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट के प्रतिष्ठित फेलो डैनी रसेल ने कहा कि रूस से तेल खरीदना जारी रखने से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शी जिनपिंग की रणनीतिक एकजुटता बनी रहती है और चीन की आर्थिक लागत में भी उल्लेखनीय कमी आती है। उन्होंने कहा, बीजिंग, रूस और ईरान से तेल न खरीदने का जोखिम नहीं उठा सकता। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण रणनीतिक ऊर्जा आपूर्ति है, और बीजिंग इसे औने-पौने दामों पर खरीद रहा है। अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन की 2024 की एक रिपोर्ट का अनुमान है कि ईरान द्वारा निर्यात किए गए तेल का लगभग 80 से 90 प्रतिशत चीन खरीद रहा है। चीन रूस का भी एक महत्वपूर्ण ग्राहक है, लेकिन रूस से समुद्री कच्चे तेल के निर्यात में भारत के बाद दूसरे स्थान पर है।

# गाजा में इजरायली हमले नरसंहार नहीं, 7 अक्तूबर को बहुत क्रूरता हुई थी : डोनाल्ड ट्रंप

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा में इजरायल के हमलों का बचाव किया है। उनका कहना है कि गाजा में इजरायल के हमले नरसंहार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि 7 अक्तूबर को इजरायल में बहुत बुरा हुआ था। हमास के आतंकियों ने वहां तबाही मचा दी थी और उसी के नतीजे में गाजा में जंग हो रही है। इस तरह उन्होंने गाजा में जारी इजरायल के हमलों का बचाव किया। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप ने मीडिया से पूछा था कि क्या आप भी मानते हैं कि गाजा में जो हो रहा है, वह नरसंहार है। इस पर डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि मैं ऐसा नहीं मानता। वे जंग में हैं।



उन्होंने एक बात यह भी कही कि अमेरिका की ओर से फिलिस्तीन के लोगों को भुखे नहीं मरने दिया जाएगा। हम उन्हें राशन मुहैया करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, हम चाहते हैं कि लोगों को खाना मिले। इजरायल वहां सहायता मुहैया कराए। हम नहीं चाहते कि वहां कोई भुखमरी से मर जाए। इस तरह डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल का बचाव किया है तो वहीं सहायता भी मुहैया कराने की बात कही है। गौरतलब है कि यूरोपीय देश फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी की ओर से इजरायल से अपील की गई है कि वह सीजफायर कर दे। यही नहीं फिलिस्तीन को मान्यता देने की बात भी इन देशों ने कही है।

इस बीच फिलिस्तीन में 92 लोग फिर से एक ही दिन में मारे गए हैं। इन लोगों की मौत रविवार को हुई, जिनमें से 56 लोग तो सहायता का इंतजार कर रहे थे। दरअसल गाजा में हालात ऐसे हैं कि भुखमरी से मौतों का भी डर है। गाजा पट्टी में राशन तक की किल्लत है और दवाओं के लिए भी लोग परेशान हैं। अरब मीडिया के अनुसार इन मौतों में 6 लोग ऐसे हैं, जिनकी भूख के चलते मौत हुई है। अरब न्यूज के अनुसार गाजा में अब तक 175 लोग खाने की कमी से मर गए हैं। इनमें 93 मासूम बच्चे शामिल हैं। बता दें कि गाजा में भुखमरी के हालात के बाद भी हमास सीजफायर के लिए पूरी तरह तैयार नहीं है। उसने अब तक हथियार डालने के संकेत भी नहीं दिए हैं।

# टैरिफ लगाने के फैसले का ट्रंप ने किया बचाव, बोले- अमेरिका में बहुत पैसा आएगा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दर्जनों व्यापारिक साझेदार देशों पर पारस्परिक टैरिफ लगाने के अपने फैसले का बचाव किया है। ट्रंप ने कहा कि ऐसा कई साल पहले कर दिया जाना चाहिए था। ट्रंप ने कहा कि टैरिफ से मिलने वाले पैसों से अमेरिका अपना कर्ज उतारेगा।



मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि हम कर्ज का भुगतान करेंगे। देश में बहुत सारा पैसा आने वाला है और इतना पैसा देश में कभी एकसाथ नहीं आया होगा। इससे पहले कर्ज का भुगतान करेंगे। हमें ये कई साल पहले कर देना चाहिए था। मैंने अपने पहले कार्यकाल में चीन के साथ ये किया था, लेकिन कोरोना महामारी के चलते अन्य देशों के साथ ऐसा नहीं हो सका।

ट्रंप ने कहा, मैं किसी तरह का दबाव नहीं, बल्कि निष्पक्षता चाहता हूं। हम जहां भी और जितना हो सके, पारस्परिक कर देखना चाहते हैं। कभी-कभी, यह उनके लिए बहुत ज़्यादा हो जाता है। यह एक बहुत बड़ी राशि होगी। और मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि इससे हमारा देश सैकड़ों अरब डॉलर कमाएगा। व्हाइट हाउस में आने के छह महीनों के भीतर ही ट्रंप ने वैश्विक आर्थिक व्यवस्था को तबाह कर दिया और अमेरिका की आर्थिक ताकत का इस्तेमाल कर उन देशों को दंडित देना शुरू किया, जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा है।

**अप्रैल में किया था टैरिफ का एलानत्न** 2 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने उन देशों से आयात पर 50 प्रतिशत तक पारस्परिक कर लगाने और लगभग सभी अन्य देशों पर 10 प्रतिशत आधारभूत कर लगाने की घोषणा की, जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा है। उन्होंने व्यापार घाटे को राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करने के लिए 1977 के एक कानून का हवाला दिया, जिसके जरिए उन्होंने अपने व्यापक आयात करों को उचित ठहराया। जब पारस्परिक करों की आलोचना हुई तो उन्होंने विभिन्न देशों को बातचीत का मौका देने के लिए पारस्परिक शुल्कों को 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया।

# रूस के ऑयल डिपो पर यूक्रेन का ड्रोन अटैक : आग लगी

### विस्फोट का वीडियो बनानी वाली दो रशियन लड़कियों को हिरासत में लिया

**मॉस्को, एजेंसी।**
यूक्रेन ने रविवार को रूस के सोची स्थित एक ऑयल डिपो पर ड्रोन से हमला किया। हमले के बाद डिपो में भीषण आग लग गई। क्रास्नोडार क्षेत्र के गवर्नर वेनियामिन कोंद्रात्येव ने बताया कि ड्रोन के मलबे के तेल टैंक से टकराने के बाद आग लगी, जिसे बुझाने के लिए 120 से ज्यादा दमकलकर्मी लगाए गए। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में डिपो से उठते घने काले धुएं के गुबार देखे जा सकते हैं। हमले के बाद रूस की नागरिक उड्डयन एजेंसी रोसावियात्सिया ने कुछ समय के लिए सोची एयरपोर्ट पर उड़ानें रोक दीं। इस दौरान 2 रशियन लड़कियां विस्फोट के साथ वीडियो बनाते हुए भी नजर आईं। दोनों के साथ बैकग्राउंड में एक युवक भी मौजूद था। रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, रशियन सेना ने शनिवार रात से रविवार सुबह तक रूस और ब्लैक सी के ऊपर यूक्रेन के 93 ड्रोन मार गिराए। हालांकि, रूस के वोरोनेज क्षेत्र में एक और यूक्रेनी ड्रोन हमले में चार लोग घायल हो गए। दूसरी तरफ रूस भी लगातार यूक्रेन पर मिसाइल और ड्रोन हमले कर रहा है। यूक्रेनी वायुसेना के मुताबिक शनिवार रात 2 अगस्त को रूस ने 76 ड्रोन और 7 मिसाइलें दागीं। इनमें से 60 ड्रोन और 1 मिसाइल को मार गिराया गया। बाकी 16 ड्रोन और 6 मिसाइलें आठ अलग-अलग जगहों पर गिरीं। इससे पहले 31 जुलाई को रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में यूक्रेन के 31 लोग मारे गए थे। इनमें 5 बच्चे शामिल थे, जबकि 150 से ज्यादा घायल हुए थे। रूस और यूक्रेन युद्ध थमने की जगह और भी ज्यादा गहराता जा रहा है। यूक्रेन और रूस दोनों ही एक-दूसरे के देशों में और भी ज्यादा अंदर हमला करने की कोशिश कर रहे हैं। रूसी पक्ष की तरफ से दावा किया गया है कि यूक्रेन से आए ड्रोन उनके दक्षिणी शहर वोल्गोग्राद के एक रेलवे स्टेशन पर जाकर गिरे हैं, जिससे वहां की बिजली लाइन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है और वहां चारो तरफ आग फैल गई। टेलीग्राम पर इस बात की जानकारी देते हुए वोल्गोग्राद शहर के गवर्नर आंद्रेई बोचारोव ने बताया कि आर्चेडा रेलवे स्टेशन के पास स्थित रेलवे ट्रैक पर यह ड्रोन गिरा है।



# एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025: 7187 रन, 21 शतक और 28 अर्धशतक, सीरीज में बने कई बड़े रिकॉर्ड्स

**लंदन (एजेंसी)।** भारत ने पांचवे और अंतिम टेस्ट में इंग्लैंड को 6 रन से हरा दिया। 374 रनो के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड 367 रनो पर आउट हो गई। जिससे पांच मैचो की सीरीज 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुई।

भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज में कुल 7187 रन बने। जो टेस्ट इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा रन योग है। इस रिकॉर्ड में सबसे बड़ा रन योग 1993 की एशेज सीरीज के दौरान बनाए गए 7221 रनो का है।

इस सीरीज में 21 शतक लगे जो किसी भी टेस्ट सीरीज में संयुक्त रूप से सबसे ज़्यादा शतक है। शतक बनाने वाले बल्लेबाजो में शुभमन गिल, जो रूट, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा, ऋषभ पंत, हैरी ब्रुक, बेन डकेट, जेमी स्मिथ, बेन स्टोक्स, यशस्वी जायसवाल, ओली पोप और वाशिंगटन सुंदर शामिल थे।


दोनो टीमो ने 14 बार 300 रनो का आंकड़ा पार किया, जिससे किसी भी टेस्ट सीरीज का नया रिकॉर्ड बना। भारत ने इनमें से आठ बार 300 रनो का आंकड़ा पार किया। जो किसी भी टीम द्वारा किसी एक सीरीज में बनाया गया संयुक्त रूप से सबसे बड़ा स्कोर है। जो ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दोनो के रिकॉर्ड की बराबरी करता है। किसी भी अन्य टीम ने एक सीरीज में छह से ज़्यादा ऐसे स्कोर नही बनाए है।

भारत ने एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज़्यादा व्यक्तिगत 50+ स्कोर का नया रिकॉर्ड बनाया, जिसमें 28 ऐसे स्कोर शामिल है। इंग्लैंड ने 32 के साथ इसे थोड़ा बेहतर किया।

ओवल में भारत की छह रन की जीत टेस्ट इतिहास में उनकी सबसे कम अंतर से जीत भी थी। यह पहली बार था जब भारत ने घर से बाहर किसी सीरीज का पांचवा टेस्ट जीता। इसके साथ इंग्लैंड ने 2018 के बाद से भारत के खिलाफ कोई टेस्ट सीरीज नही जीती है।



# मैच मैदान पर जीते जाते है, कागजों पर नही: भारत की ऐतिहासिक जीत पर बोले मोहम्मद कैफ



**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम टेस्ट में जीत के लिए शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम की जमकर तारीफ की। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सीरीज 2-2 से बराबर कर ली, जिसके बाद ट्रॉफी दोनो टीमो के बीच साझा हो गई।

ओवल में भारत के लिए यह एक शानदार जीत थी, क्योंकि चौथे दिन वे मैच में पिछे नजर आ रहे थे। आखिरी दिन इंग्लैंड को जीत के लिए 35 रनो की ज़रूरत थी और उसके चार विकेट बाकी थे। इसलिए यह कहना गलत नही होगा कि वे मैच जीतने के प्रबल दावेदार थे। हालांकि, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा की शानदार गेंदबाजी के कारण मेजबान टीम 374 रनो के लक्ष्य से चूक गई और 367 रनो पर ढेर हो गई।

इस पर कैफ ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'सबसे पहले, मुझे नही लगता कि ज़्यादा लोगो ने इस भारतीय टीम को मौका दिया था। वे विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन के बिना इंग्लैंड गए थे। शुभमन गिल नए कप्तान थे, और इस पर भी सवाल उठे थे। कुछ विशेषज्ञो ने 3-1 या 4-1 से हार की भविष्यवाणी की थी। लेकिन इस भारतीय टीम ने दिखा दिया कि मैच मैदान पर जीते जाते है, कागजो पर नही।' ओवल में जीत से भारत को डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में भारी लाभ हुआ और वह 46.67 पीसीटी के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गया, जो इंग्लैंड से बेहतर है, जो 43.33 पीसीटी के साथ चौथे स्थान पर है।

# जस्सी भाई की कमी खली, अगर वह होते तो यह खास होता: पांचवें टेस्ट में जीत पर बोले सिराज



**लंदन (एजेंसी)।** यह जगजाहिर है कि मोहम्मद सिराज के लिए जसप्रीत बुमराह प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं और हैदराबाद के इस गेंदबाज ने स्वीकार किया कि यहां इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच में भारत की जीत के बाद उन्हें अपने गौरवशाली क्षणों में अपने सीनियर साथी तेज गेंदबाज की कमी खल रही थी।

सिराज ने ओवल में पांचवें टेस्ट की दूसरी पारी में पांच विकेट लिए, जिससे भारत ने सोमवार को रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड को छह रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर कर ली। सिराज ने मैच में नौ विकेट लेकर न केवल 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता, बल्कि अपने प्रशंसकों से भी खूब प्रशंसा बटोरी।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में भावुक सिराज ने कहा, 'हर बल्लेबाज, हर गेंदबाज (जिसने टेस्ट खेला), उसे मैं सलाम करता हूं। जिस तरह से हमने वापसी की वह शानदार थी। मुझे जस्सी (बुमराह) भाई की याद आती है क्योंकि अगर वह वहां होते तो यह खास होता। मुझे जस्सी भाई और खुद पर विश्वास है।'

बुमराह ने अपने कार्यभार प्रबंधन के कारण पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्हें चौथे टेस्ट मैच के बाद टीम से रिलीज कर दिया गया था। रविवार को हैरी ब्रुक का कैच छोड़ने के बाद सिराज आखिरी दिन पूरी तरह से प्रतिबद्ध नज़र आए। सोमवार को सुबह के सत्र में उन्होंने जो भी गेंद फेंकी, उसने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशान किया।

उन्होंने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो, इस समय (जीत के बाद) जो भावनाएं मेरे अंदर हैं, मैं उन्हें शब्दों में बयां नहीं कर सकता, क्योंकि कल (रविवार को) मैंने कैच छोड़ दिया था। जब मैं (चौथे दिन के बाद) सोने जा रहा था, तो मैं बस यही सोच रहा था कि मैंने ऐसा कैसे कर दिया।'

सिराज ने कहा, 'अगर मैंने वह कैच ले लिया होता, तो हमें सोमवार को मैदान पर आकर खेलने की जरूरत नहीं पड़ती। हम आराम कर रहे होते। लेकिन ऊपर वाले ने हमारे लिए कुछ और ही सोच रखा था। वह हमें सोमवार को स्टेडियम तक ले आया और नतीजा सबके सामने है।'

# वर्कलोड मैनेजमेंट जैसे शब्द को अपनी डिक्शनरी से हटायें गंभीर : गावस्कर

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि वर्कलोड मैनेजमेंट के नाम पर प्रमुख खिलाड़ियों को टीम से बाहर रहना ठीक नहीं है। गावस्कर ने कहा कि पहले भी खिलाड़ियों को आराम दिया जाता था पर तब कम कम महत्वपूर्ण और औपचारिकता मुकाबलों में ऐसा किया जाता था। इससे प्रमुख खिलाड़ियों को आराम भी मिल जाता था और टीम को नुकसान भी नहीं होता था। इसके साथ ही नए खिलाड़ियों को भी अवसर मिल जाता था। साथ ही कहा कि तब वर्कलोड मैनेजमेंट के नाम पर महत्वपूर्ण मुकाबलों से स्टार खिलाड़ी दूर नहीं होते थे। इसके साथ ही गावस्कर ने कहा कि कोच गंभीर वर्कलोड मैनेजमेंट जैसे शब्द को अपनी डिक्शनरी से हटा दें।

गावस्कर ने वर्कलोड मैनेजमेंट के विचार को खारिज करते हुए कहा , 'लोग वर्कलोड की बात कर रहे, अगर इसके आगे आप झुक जाते हैं तो आप मैदान में कभी अपना बेस्ट प्लेयर नहीं ला पाएंगे।' गावस्कर ने कहा, 'आप देश के लिए खेल रहे हो, और जब आप अपने देश के लिए खेल रहे हैं तो आपको अपनी मांसपेशियों में दर्द को भूलना होगा। सरहद पर यही होता है।' उन्होंने कहा, क्या आपको लगता है कि जवान कभी ठंडी या गरम हालात की शिकायत करते हैं? वे वहां पर तैनात हैं, देश के लिए अपनी जान देने के लिए तैयार हैं। आपको देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देना ही होगा।


ऋषभ पंत और मोहम्मद सिराज का उदाहरण देते हुए गावस्कर ने कहा, छोटे-मोटे दर्द को लेकर चिंता मत करो। ऋषभ ने जो किया, वो क्या दिखाता है? वह फ्रैक्चर के बावजूद बल्लेबाजी करने उतरा। अपनी टीम में आप इसी तरह की भावना देखना चाहते हो। यही अपेक्षा की जाती है। छोटी-मोटी चोट से पीछे मत हटो। 140 करोड़ लोगों में से आपको भारत का प्रतिनिधित्व करने को मिला है, यह एक सम्मान है। आप अविश्वसनीय रूप से भाग्यशाली है और इसलिए आपको इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। वहीं सिराज ने 5 टेस्ट मैचों में लगातार गेंदबाजी की है। गावस्कर ने कहा, मुझे उम्मीद है कि वर्कलोड भारतीय क्रिकेट की डिक्शनरी से बाहर होगा। मैं लंबे समय से यह बात कहता आया हूं। साथ ही कहा कि वर्कलोड मैनेजमेंट को लेकर उनके बयान को जसप्रीत बुमराह से



नहीं जोड़ा जाना चाहिये क्योंकि बुमराह चोट की वजह से बाहर थे, न कि वर्कलोड की वजह से। इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैच की सीरीज में जसप्रीत बुमराह ने सिर्फ 3 ही मुकाबले खेले थे। इनमें से दो में भारत को हार मिली थी और एक मुकाबला ड्रॉ हुआ था। भारतीय टीम ने अंतिम टेस्ट जीतकर पांच मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर की है।

# टिम डेविड पर लगा जुर्माना, वेस्टइंडीज के खिलाफ पांचवें टी20 में किया आचार संहिता का उल्लंघन

दुबई (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी टिम डेविड पर 28 जुलाई को सेंट किट्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। डेविड को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया, जो 卐किसी अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने卐 से संबंधित है। इसके अलावा, डेविड के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है, जो 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध था। यह घटना ऑस्ट्रेलियाई पारी के पांचवें ओवर में हुई, जब अल्जारी जोसेफ ने डेविड को लेग साइड में एक गेंद फेंकी, जिसे वाइड नहीं दिया गया। डेविड ने अपनी बाहें फैलाकर और गेंद को वाइड करार देने का इशारा करके अपनी असहमति जताई और फिर अपनी बाहें फैलाए हुए ही अंपायर की ओर चल पड़े। डेविड ने अपराध स्वीकार कर लिया और एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी के रॉन किंग द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर जाहिद बसाराथ और लेस्ली रीफर, तीसरे अंपायर डेइटन बटलर और चौथे अंपायर ग्रेगरी ब्रैथवेट ने आरोप लगाए। लेवल 1 के उल्लंघन के लिए न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार, अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत, और एक या दो डिमेरिट अंक हो सकते हैं।




# हमारी टीम ने हर चुनौती का पूरी ताकत से मुकाबला किया : ऋषभ



नई दिल्ली। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवे टेस्ट में भारतीय टीम को मिली जीत से आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत बेहद उत्साहित हैं। इस सीरीज को भारतीय टीम ने 2-2 से बराबर करने में सफलता हासिल की है। ऋषभ को चौथे टेस्ट में चोटिल होने के कारण सीरीज के बीच में ही वापस लौटना पड़ा था। उन्होंने कहा है कि ये टीम एकजुट है और भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाने के लिए तैयार है। इस दौरे से टीम को काफी कुछ सीखने को मिला है। ऋषभ ने सोशल मीडिया में कुछ तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, 'एक ऐसा दौरा जिसने हमसे बहुत कुछ मांगा और बदले में उससे भी ज्यादा दिया। मुझे गर्व है कि हमारी टीम ने हर चुनौती का पूरी ताकत से मुकाबला किया। इस दौरान टीम ने अपने को हालातों के अनुसार ढाला और लगातार टीम लड़ती रही। देश का प्रतिनिधित्व करना हमारे लिए सबये जरुरी है, इसके लिए हम अपनी पूरी ताकत लगा देते हैं और इसी में हमें गर्व भी है। हमारे शानदार सहायोगी स्टाफ और उन सभी प्रशंसकों का बड़ा धन्यवाद, जिन्होंने पूरे समय हमारा साथ दिया। यह टीम भूखी है, एकजुट है और भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाने के लिए तैयार है।' इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने अपनी चोट की एक तस्वीर भी साझा की है। इसमें उनके दाहिने पैर की छोटी उंगली के पास कुछ टेपिंग है और उंगली पर पट्टी बंधी हुई है। इसी उंगली के पास फैक्चर हुआ था और ऋषभ इसके बावजूद बल्लेबाजी के लिए उतरे थे। इस दौरान उनके साहस की सभी ने प्रशंसा की थी। ऋषभ ने इस दौरे पर चार मैचों की सात पारियों में 2 शतक और 3 अर्धशतक के साथ ही कुल 479 रन बनाए थे।

# एशिया कप 2025 से पहले फिट हुए सूर्याकुमार यादव, एनसीए ट्रेनिंग में लिया हिस्सा

बेंगलुरु। टी20 इंटरनेशनल कप्तान सूर्यकुमार यादव ने हाल ही में जर्मनी के म्यूनिख शहर में स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी करवाई और अब वह अपनी रिकवरी के दूसरे पड़ाव पर पहुंच गए हैं। उनके रिहैब से लेकर नेट ट्रेनिंग तक का सफर शुरू हो चुका है। बता दें कि, जून 2025 में सूर्या की जर्मनी में सर्जरी हुई जो पूरी तरह से सफल रही।



दरअसल, अगस्त 2025 की शुरुआत में बेंगलोर स्थित एनसीए में सूर्यकुमार यादव ने नेट ट्रेनिंग शुरू कर दी। ये उनकी सर्जरी के बाद पहली क्रिकेट प्रैक्टिस थी। ये ट्रेनिंग बहुत हल्की थी और मेडिकल टीम की निगरानी में थी। बीसीसीआई ने ये पुष्टि की कि, सूर्या अपने फिटनेस स्तर को धीरे-धीरे फिर से हासिल कर रहे हैं और वह एशिया कप कप 2025 के लिए पूरी तरह तैयार होने की राह पर चल रहे हैं। बता दें कि, एशिया कप 2025 की शुरुआत 9 सितंबर से होनी है। आईपीएल 2025 में सूर्या बेहतरीन फॉर्म में थे और उन्होंने 717 रन बनाए थे जो साई सुदर्शन के बाद किसी बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन थे। वह सचिन तेंदुलकर के बाद एक ही सीजन में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले मुंबई इंडियंस के दूसरे बल्लेबाज भी बने थे।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में फखर के बिना ही उतरेगी पाक टीम

**फ्लोरिडा (एजेंसी)।** पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज फखर जमान वेस्टइंडीज के खिलाफ आठ अगस्त से शुरु हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में नहीं खेलेंगे। फखर दूसरे टी20 मैच में हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के बाद से ही टीम से बाहर हैं। इसी कारण वह तीसरे टी20 में भी शामिल नहीं थे। अब फखर लाहौर स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसए) में रिहैब के दौर से गुजरेंगे। इस दौरान पीसीबी का मेडिकल स्टाफ उनका ध्यान रखेगा। पीसीबी ने अभी तब एकदिवसीय सीरीज के लिए उनकी जगह किसी खिलाड़ी को शामिल नहीं किया है।

फखर इस साल दूसरी बार किसी टूर्नामेंट से बाहर हुए हैं। इससे पहले 19 फरवरी को कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले ओवर में क्षेत्ररक्षण करते समय भी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण उन्हें आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बचे हुए मैचों से बाहर कर दिया गया था। उन्हें उस समय ये चोट तब लगी जब न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज विल यंग ने शाहीन अफरीदी की एक गेंद को कवर्स की तरफ खेला था। जिससे वह रोकने का प्रयास कर रहे थे। इस कारण उन्हें तीन माह तक खेल से दूर रहना पड़ा था।




एकदिवसीय सीरीज का पहला मैच 8 अगस्त को खेला जाएगा जबकि दूसरा 10 अगस्त और सीरीज आखिरी और तीसरी एकदिवसीय मैच 12 अगस्त को खेला जाएगा ! ये तीनों ही मैच ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, तारूबा, त्रिनिदाद में खेले जाएंगेद्य।

पाकिस्तान टीम = सैम अयूब, साहिबजादा फरहान, मोहम्मद हारिस (विकेट कीपर), सलमान आगा (कप्तान), हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, हसन अली, शाहीन अफरीदी, सूफियान मुकीम, हारिस रऊफ, खुशदिल शाह, अबरार अहमद, हुसैन तलत।

# नोवाक जोकोविच ने छोड़ा सिनसिनाटी ओपन, यूएस ओपन पर करना चाहतें हैं फोकस



सिनसिनाटी । 24 ग्रैंड स्लैम खिताब विजेता और दुनिया के छठे नंबर के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने सिनसिनाटी ओपन से नाम वापस ले लिया है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने इसकी पुष्टि की है। दरअसल, 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी ने गैर-चिकित्सीय कारणों का हवाला देते हुए टूर्नामेंट में न खेलने का फैसला किया है। इससे पहले उन्होंने पीठ की तकलीफ के कारण कैनेडियन मास्टर्स से भी अपना नाम वापस ले लिया था। ये लगातार दूसरा मौका है जब जोकोविच एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट से हटे हैं। उनके नाम इस स्तर पर 45-12 का प्रभावशाली जीत-हार रिकॉर्ड दर्ज है। उन्होंने 2023 के फाइनल में कार्लोस अल्काराज को हराकर इस टूर्नामेंट में अपनी सबसे यादगार जीत दर्ज की थी। वह मुकाबला तीन सेटो में खेला गया था। इस सीजन में नोवाक जोकोविच का प्रदर्शन 26 जीत और 9 हार का रहा है। उन्होंने मई 2025 में जिनेवा में अपना 100वां टूर-स्तरीय खिताब जीता था। उस जीत के बाद से वह केवल दो टूर्नामेंट खेले हैं फ्रेंच ओपन और विंबडलन, जहां दोनों बार उन्हें जैनिक सिनर के खिलाफ सेमीफाइनल में हार झेलनी पड़ी। अब उनके सामने यूएस ओपन 2025 है, जो 24 अगस्त से शुरू हो रहा है। वहां उनका लक्ष्य होगा अपना 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतकर महिला और पुरुष सिंगल्स दोनों को मिलाकर सर्वकालिक रिकॉर्ड की बराबरी करना। वह महिला वर्ग की दिग्गज मार्गरेट कोर्ट के रिकॉर्ड की बराबरी कर सकते हैं।


# इंग्लैंड की टीम घबरा गई, आखिरी दिन उनका रवैया गलत था: माइकल वॉन

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के आखिरी दिन इंग्लिश टीम के रवैये की आलोचना की है। सोमवार को 'केनिंग्टन ओवल' में मेजबान टीम को छह रन के करीबी अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। माइकल वॉन ने सुबह के सत्र में इंग्लैंड के जोखिम भरे रवैये की आलोचना की। इंग्लैंड को मुकाबले के अंतिम दिन जीत के लिए महज 35 रन की दरकार थी। इंग्लैंड के पास चार विकेट शेष थे। मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा की शानदार गेंदबाजी के चलते भारत ने मुकाबला अपने नाम करते हुए सीरीज 2-2 से बराबरी पर खत्म की। वॉन ने 'द टेलीग्राफ' के लिए अपने कॉलम में लिखा, 'मैं उस टीम (इंग्लैंड) पर बहुत सख्ती नहीं करना चाहता, जिसे इस हफ्ते बदकिस्मती का सामना करना पड़ा। वह शायद अपने सबसे महत्वपूर्ण क्रिकेटर के बिना मैदान में उतरे, और फिर पहले दिन एक प्रमुख गेंदबाज को खो दिया। इंग्लैंड को प्रभावी रूप से 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए छह रन से शिकस्त झेलनी पड़ी। इसलिए मैं बहुत आलोचना नहीं करना चाहता।'

उन्होंने लिखा, 'लेकिन सच बात यह है कि इंग्लिश टीम घबरा गई थी। जैसे-जैसे वह जीत के करीब पहुंचते गए, उन्होंने ज्यादा जोखिम उठाने की कोशिश की। आखिरी दिन उनका तरीका गलत था। यह बहुत जोखिम भरा था। अगर इसमें 15 ओवर लगते हैं, तो लगे। आपको पांच ओवर में 35 रन बनाने की जरूरत नहीं है। बस एक स्थिर दिमाग की जरूरत थी।' पूर्व कप्तान ने लिखा, 'अगर भारत इस तरह हारता, तो हम कहते कि उन्होंने हार मान ली। अगर दक्षिण अफ्रीका इस तरह हारता, तो हम कहते कि उन्होंने हार मान ली। यह इतनी भारी चूक थी। यह हार इंग्लैंड को सचमुच बहुत नुकसान पहुंचाएगी। जब आप जानते हों कि आपको मैच जीतना है, तो हार बहुत निराशाजनक होती है।' बता दें कि इंग्लैंड को जीत के लिए 374 रन का टारगेट मिला था, जिसके जवाब मे इंग्लैंड की टीम 367 रन पर सिमट गई। सिराज ने 104 रन देकर 5 विकेट चटकाए, जबकि कृष्णा ने चार विकेट लेकर भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाई। इंग्लैंड को हैरी ब्रुक (111) और जो रूट (105) के शतकों ने सहारा दिया, लेकिन अंत में यह नाकाफी साबित हुआ।

# अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एलेक्सी पोपिरिन को हराकर नेशनल बैंक ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई

टोरंटो। शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एलेक्सी पोपिरिन को 6-7(8), 6-4, 6-3 से हराकर नेशनल बैंक ओपन (कैनेडियन ओपन) के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अपने 75वें टूर-स्तरीय सेमीफाइनल में, ज्वेरेव नोवाक जोकोविच (196) के साथ उस मुकाम तक पहुंचने वाले केवल दो सक्रिय खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं।



ज्वेरेव पिछले साल के रोलेक्स पेरिस मास्टर्स सेमीफाइनल के बाद पहली बार किसी सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। ज्वेरेव रॉडिक से आगे बढ़कर सीरीज के इतिहास में (1990 के बाद से) सबसे ज्यादा बार सेमीफाइनल (सातवीं बार) में पहुंचने वाले खिलाड़ी बने। शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके ऑस्ट्रेलिया के 18वीं वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दोनों खिलाड़ियों के पास मिनीब्रेक लीड और सेट पॉइंट थे, लेकिन एक अच्छे नेटकॉर्ड ने शुरुआती फ्रेम पोपिरिन को दे दिया। ज्वेरेव ने मैच का पहला ब्रेक हासिल किया और दूसरे फ्रेम में 3-0 की बढ़त बना ली और बाकी समय बढ़त बनाए रखी। गत चैंपियन ने दूसरे फ्रेम में वापसी की, लेकिन ब्रेक के कारण मैच निर्णायक गेम में पहुंच गया, जहां ज्वेरेव ने फिर से 3-0 की बढ़त बना ली, जिसे उन्होंने नहीं छोड़ा। ज्वेरेव ने अपने पहले सर्व में 82 प्रतिशत अंक जीते और अपने अंतिम 17 में से 16 अंक सर्व पर हासिल किए। उन्होंने ड्रॉप-वॉली विनर के साथ मैच का शानदार समापन किया। सेमीफाइनल में उनका सामना रूस के कारेन खाचानोव या अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन से होगा। दुनिया में तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव 75वीं बार एटीपी टूर के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। वह अपने कुल 25वें और एटीपी 1000 मास्टर्स टूर्नामेंट में आठवें खिताब की तलाश में हैं।

# ओलंपिक पदक ने मेरी जिंदगी बदल दी, लेकिन मैं इसे भूल चुका हूं: पहलवान अमन सहरावत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने से अमन सहरावत के कंधों से काफी बोझ उतर गया है लेकिन इस युवा पहलवान का कहना है कि वह इस उपलब्धि को पहले ही भूल चुके हैं क्योंकि अतीत की उपलब्धियों पर बैठे रहने से वह अपने बड़े सपनों को पूरा नहीं कर पाएंगे।

छोटी सी उम्र में अनाथ हो जाने के कारण बिरोहर में जन्मे इस पहलवान के लिए ज़िंदगी आसान नहीं रही। उनके चाचा ने उनका पूरा साथ दिया, लेकिन पारिवारिक ज़िम्मेदारियां अमन पर भारी पड़ती रहीं। लेकिन पिछले वर्ष पेरिस में कांस्य पदक जीतने से उन्हें पहचान और पैसा मिला, जिससे उनका जीवन आसान हो गया।

विश्व चैंपियनशिप के लिए 57 किग्रा चयन ट्रायल जीतने के बाद अमन ने पीटीआई से कहा, ''ओलंपिक पदक ने मेरी जिंदगी 90 फीसदी बदल दी। इससे पहले मुझे कोई नहीं जानता था। पहले मेरे प्रदर्शन पर गौर नहीं किया जाता था, लेकिन पेरिस की सफलता के बाद लोग मुझे जानने लगे, मेरा सम्मान करने लगे। मुझे लगा कि मैंने देश के लिए कुछ किया है और 10-15 साल की कड़ी मेहनत रंग लाई है।''

उन्होंने कहा, ''ओलंपिक पदक भगवान का आशीर्वाद है। मुझे जीतने की उम्मीद भी नहीं थी। महिला पहलवानों से तो उम्मीदें ज़्यादा थीं। ये तो भगवान का दिया प्रसाद ही है।'' अमन ने कहा, ''इससे मुझे भी प्रेरणा मिली। लोग अब मुझसे स्वर्ण पदक की उम्मीद कर रहे हैं। मैं अपने कांस्य पदक को पहले ही भूल चुका हूं। मैं इससे संतुष्ट होकर यह नहीं कह सकता कि मैंने काफी कुछ हासिल कर लिया है। अब मैं स्वर्ण पदक के लिए तैयारी कर रहा हूं।''

शीर्ष स्तर पर सफलता ने किस प्रकार उनके जीवन को बदल दिया, इस बारे में उन्होंने कहा, ''अब मैं जो चाहूं खरीद सकता हूं। पहले मुझ पर दबाव था कि भविष्य में मुझे अपनी छोटी बहन को पढ़ाना है और उसकी शादी करनी है। अब मैं निश्चिंत होकर अभ्यास कर सकता हूं। अब मुझे पैसों की चिंता करने की ज़रूरत नहीं है।''

अमन ने कहा, ''ऐसा नहीं है कि हमारा ध्यान नहीं रखा गया। मेरे चाचा ने हमेशा हमारा साथ दिया है, लेकिन एक बड़े भाई की जिम्मेदारी क्या होती है इसके बारे में तो सभी सोचते हैं।'' पेरिस ओलंपिक के बाद से अमन ने सिर्फ दो टूर्नामेंटों में हिस्सा लिया है। वह सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं ले पाए थे। उन्होंने कहा, ''ओलंपिक के बाद, मैंने सोचा था कि मैं विदेश में अभ्यास करूंगा लेकिन चीजें हमेशा वैसी नहीं होतीं जैसी आप उम्मीद करते हैं। फिर मैं चोटिल भी हो गया।''




अमन ने कहा, ''ओलंपिक पदक जीतने के बाद हारने का डर भी मुझ पर हावी हो गया था। मैंने सोचा अगर मैं हार गया तो लोग कहेंगे कि सफलता ने मुझे बिगाड़ दिया है। इसलिए, कोचों ने कहा कि आप एक अलग स्तर पर हैं और मैट पर उतरने के लिए आपको अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

# इरडा ने खामियों के चलते इंश्योरेंस ब्रोकर्स पर लगाया पांच करोड़ का जुर्माना

## ग्राहकों से की धोखाधड़ी, 4.2 करोड़ से ज्यादा की बीमा पॉलिसी बेची

**नई दिल्ली।**

बीमा क्षेत्र के नियामक इरडा ने कुछ खामियों की वजह से पॉलिसीबाजार इंश्योरेंस ब्रोकर्स पर पांच करोड़ रुपए का जुर्माना लगाने के साथ ही बीमा मानदंडों का उल्लंघन करने को लेकर आगाह भी किया है। पॉलिसीबाजार इंश्योरेंस ब्रोकर्स को पहले पॉलिसीबाजार वेब एग्रीगेटर के नाम से जाना जाता था। भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने बयान में कंपनी को निर्देश, सलाह और चेतावनी भी जारी की है।

नियामक ने कहा कि पॉलिसीबाजार वेब एग्रीगेटर प्राइवेट लिमिटेड अब पॉलिसीबाज़ार इंश्योरेंस ब्रोकर्स प्राइवेट लिमिटेड पर बीमा अधिनियम और नियमों एवं विनियमों के तहत स्थापित कई उल्लंघनों के लिए निर्देश, सलाह और चेतावनी के साथ पांच करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। पॉलिसीबाजार साल 2008 में अपनी स्थापना के बाद से अब तक 4.2 करोड़ से ज्यादा बीमा पॉलिसी बेच चुका है।

मीडिया रिपोर्ट में इरडा ने कहा कि कंपनी ने नियामकीय उल्लंघन करने के साथ ग्राहकों से भी धोखाधड़ी की है। इरडा ने कहा है कि बिना अप्रूवल के ही कंपनी ने दूसरी कंपनियों में भी डायरेक्टरशिप हासिल की है। इसके अलावा कंपनी को कई बीमा पॉलिसी को जोर देकर ग्राहकों को बेचने का दोषी पाया गया। इतना ही नहीं कंपनी ने कई प्रोडक्ट को अच्छा बताकर उसे रैंकिंग में टॉप पर रखा, ताकि ग्राहकों को गुमराह करके इन उत्पादों को बेचा जा सके। कंपनी ने इन उत्पादों को बेहतर बताने के पीछे कोई कारण भी नहीं बताया और न ही ग्राहकों को कोई सलाह दी। इरडा ने बताया कि पॉलिसीबाजार ने ग्राहकों से पैसे लेकर उसे इंश्योरेंस करने वाली कंपनियों को समय से पहले नहीं पहुंचाया। इस वजह से कंपनी पर एक करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर जिन पांच प्रोडक्ट को बेस्ट बताकर टॉप पर दिखाया, उनमें सभी यूलिप प्लान थे, इसमें बजाज अलायंज गोल एश्योर, एडलवीज टोक्यो वेल्थ गेन प्लस, एचडीएफसी क्लिक2 वेल्थ, एसबीआई लाइफ ई-वेल्थ इंश्योरेंस और आईसीआईसीआई सिग्नेचर शामिल हैं।

# जुलाई 2025 में रॉयल एनफील्ड ने किए बिक्री के नए कीर्तिमान स्थापित

**नई दिल्ली ।**

जुलाई 2025 में रॉयल एनफील्ड ने बिक्री के नए कीर्तिमान स्थापित कर दिए हैं। रॉयल एनफील्ड की कुल बिक्री 31 फीसदी की उछाल के साथ 88,045 यूनिट तक पहुंच गई, जो पिछले साल इसी महीने 67,265 यूनिट थी। यह इजाफा सिर्फ आंकड़ों तक सीमित नहीं, बल्कि यह बताता है कि रॉयल एनफील्ड भारतीय सड़कों से लेकर राइडर्स के दिलों तक अपनी पकड़ लगातार मजबूत कर रही है।

घरेलू बाजार में कंपनी ने 76,254 यूनिट्स बेचीं, जो बीते साल जुलाई की तुलना में 25 फीसदी ज्यादा हैं। बुलेट, क्लासिक और हंटर जैसे मॉडल्स की लोकप्रियता आज भी भारत में बनी हुई है। खास बात यह है कि केवल भारत ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी रॉयल एनफील्ड की मांग तेजी से बढ़ी है। जुलाई 2025 में कंपनी का निर्यात 95 प्रतिशत बढ़कर 11,791 यूनिट पहुंच गया, जबकि जुलाई 2024 में यह आंकड़ा 6,057 यूनिट था। इस प्रदर्शन को लेकर कंपनी के सीईओ बी. गोविंदराजन ने कहा कि 'हंटर 350' को देश और विदेश में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कंपनी सिर्फ वाहन नहीं बेचती, बल्कि एक संपूर्ण राइडिंग



कल्चर को बढ़ावा देती है। उनका कहना है कि रॉयल एनफील्ड का फोकस इनोवेशन, वैश्विक विस्तार और राइडर्स के साथ मजबूत जुड़ाव पर है।

# संबंधित पक्ष के लेनदेन में अब कारोबार के आधार पर तय होगी सीमा

## सेबी के प्रस्ताव से बड़ी कंपनियों को ज्यादा फायदा होने की उम्मीद

**नई दिल्ली।**

बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने संबंधित पक्ष के लेनदेन संबंधी मानदंडों में बदलाव करते हुए मैटेरियलिटी सीमा को सूचीबद्ध कंपनी के कारोबार से जोड़ने का प्रस्ताव दिया है। बाजार नियामक के इस प्रस्ताव से बड़ी कंपनियों को ज्यादा फायदा होने की उम्मीद है। सेबी ने कहा कि प्रस्तावित बदलाव किए जाने से शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों के लिए शेयरधारकों की मंजूरी की जरुरत वाले संबंधित पक्ष के लेनदेन की संख्या में करीब 60 फीसदी की कमी आ सकती है। मौजूदा नियमों के तहत लेनदेन एक हजार करोड़ रुपए से अधिक या सूचीबद्ध कंपनी के कुल वार्षिक कारोबार के 10 फीसदी से ज्यादा हो तो उसे मैटेरियल माना जाता है।

बाजार नियामक ने सबके लिए समान दृष्टिकोण को बड़ी सूचीबद्ध कंपनियों के लिए बोझिल बताते हुए कुल कारोबार बढ़ने पर लेनदेन की सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। सूचीबद्ध कंपनियों को मैटेरियल संबंधित पक्ष के लेनदेन करने के लिए शेयरधारकों और ऑडिट समिति से मंजूरी लेनी होती है। नए मानदंडों में अगर वार्षिक कुल कारोबार 20 हजार करोड़ तक है तो संबंधित पक्ष के लेनदेन की सीमा 10 फीसदी होगी। अगर कारोबार 20,001 करोड़ रुपए से 40,000 करोड़ के बीच है तो यह सीमा तभी लागू होगी जब लेनदेन 2,000 करोड़ रुपए का हो और सूचीबद्ध कंपनी के वार्षिक कुल कारोबार का पांच फीसदी हो।

अगर कुल कारोबार 40,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का है तो उसके लिए यह सीमा 3,000 करोड़ रुपए के साथ कुल कारोबार का 2.5 फीसदी या 5,000 करोड़ रुपए होगी। सेबी ने कहा है कि 5,000 करोड़ रुपए की सीमा अल्पांश शेयरधारकों के हितों की रक्षा के लिए है। संबंधित पक्ष के लेनदेन संबंधी मानदंड वित्तीय स्थिति को देखते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं। प्रॉक्सी एडवाइजरी फर्म इनगवर्न रिसर्च के श्रीराम सुब्रमण्यन ने कहा कि यह छूट तभी व्यावहारिक होगी जब

संबंधित पक्ष के लेनदेन संबंधी खुलासे ऑडिट समितियों और शेयरधारकों के समक्ष किए जाएं।

# अब टेस्ला ने किया दिल्ली का रुख, 11 अगस्त को करेगी दूसरा शोरुम लॉन्च

## कंपनी ने भारत में अपना लोकप्रिय इलेक्ट्रिक एसयूवी मॉडल वॉय किया पेश

**नई दिल्ली।**

एलन मस्क की इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला की अब भारत पर नजर है। कंपनी ने मुंबई में अपना पहला शोरूम खोलने के बाद अब दिल्ली का रुख किया है। रिपोर्ट के मुताबिक टेस्ला 11 अगस्त को दिल्ली के एरोसिटी में अपना दूसरा शोरूम लॉन्च कर रही है। यह इलाका दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास स्थित है और हाई-एंड कमर्शियल हब के रूप में जाना जाता है।

दिल्ली में शोरूम खोलने का फैसला ऐसे समय लिया है जब टेस्ला ने हाल ही में भारत में अपना लोकप्रिय इलेक्ट्रिक एसयूवी मॉडल वॉय पेश किया है। इसके साथ ही कंपनी ने भारत के लिए एक आधिकारिक वेबसाइट भी लॉन्च की है, जहां शुरुआत में केवल मुंबई, दिल्ली और गुरुग्राम के लोग ही अपनी रुचि दर्ज कर सकते थे। इससे यह साफ़ है कि कंपनी का शुरुआती फोकस मेट्रो शहरों पर है। टेस्ला ने भारत में अपने सफर की शुरुआत मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में स्थित मॉल में अपने पहले शोरूम से की थी। इस शोरूम में टेस्ला के दो वेरिएंट मॉडल वाय रेयर व्हील ड्राइव आरडब्ल्यूडी और लॉन्ग रेंज आरडब्ल्यूडी को प्रदर्शित किया है, जिन्हें कंपनी ने अपने शंघाई स्थित प्लांट से भारत में मंगवाया है। कंपनी ने बताया है कि आरडब्ल्यूडी मॉडल की डिलीवरी तीसरी तिमाही के अंत तक शुरू हो जाएगी, जबकि लॉन्ग-रेंज वर्जन की डिलीवरी चौथी तिमाही में की जाएगी। इससे साफ़ है कि कंपनी भारतीय बाज़ार में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए एक ठोस प्लान के साथ आगे बढ़ रही है।

भारत में टेस्ला ने मॉडल वॉय के दो वर्जन पेश किए एक बेसिक रेयर-व्हील ड्राइव (आरडब्ल्यूडी) और दूसरा लॉन्ग-रेंज आरडब्ल्यूडी। बेसिक आरडब्ल्यूडी वर्जन की एक्स-शोरूम कीमत 59.89 लाख रखी गई है, जबकि लॉन्ग-रेंज वर्जन की कीमत 67.89 लाख है। ऑन-रोड आरडब्ल्यूडी मॉडल की कीमत 61.07 लाख तक पहुंच सकती है और लॉन्ग-रेंज वर्जन की कीमत 69.15 लाख तक जा सकती है। टेस्ला मॉडल वॉय आरडब्ल्यूडी वर्जन में ग्राहक को दो बैटरी विकल्प दिए गए हैं। 60 केडब्ल्यूएच और 75 केडब्ल्यूएच। इसमें एक सिंगल इलेक्ट्रिक मोटर लगी है जो करीब 295 हॉर्सपावर की ताकत देती है।

# होंडा की पहली हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक बाइक जल्द होगी लांच

**नई दिल्ली ।**

भारत में जल्द ही होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया अपनी पहली हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक बाइक लॉन्च करने जा रही है। यह होंडा की अब तक की सबसे एडवांस और दमदार इलेक्ट्रिक बाइक मानी जा रही है, जिसकी अधिकतम रफ्तार 120 किलोमीटर प्रति घंटा और रेंज लगभग 399 किलोमीटर होगी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह बहुप्रतीक्षित इलेक्ट्रिक बाइक 2 सितंबर 2025 को पेश की जा सकती है। कंपनी का दावा है कि यह बाइक केवल 2 घंटे में फुल चार्ज हो जाएगी और एक बार चार्ज होने पर लगभग 400 किलोमीटर तक चलेगी। इसके लिए इसमें बड़ी क्षमता की बैटरी दी गई है, जो फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है। यह आंकड़े इसे भारत की अन्य इलेक्ट्रिक बाइकों से एक कदम आगे रखते हैं। बाइक की मोटर काफी शक्तिशाली होगी, जो महज 2.77 सेकंड में 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ने में सक्षम होगी। होंडा की यह इलेक्ट्रिक बाइक तकनीकी रूप से भी बेहद खास होगी। इसमें ब्लूटूथ एप्लिकेशन कनेक्टिविटी, यूएसबी चार्जिंग पोर्ट, चार ड्राइविंग मोड्स और सेल्फ बैलेंसिंग कंट्रोल सिस्टम जैसे एडवांस फीचर्स मिलेंगे। ये सभी



फीचर्स इसे युवाओं और टेक-सेवी ग्राहकों के लिए आकर्षक विकल्प बना सकते हैं। कीमत को लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इसकी अनुमानित कीमत रुपए1.30 लाख से रुपए 1.50 लाख के बीच हो सकती है। इस कीमत पर यह बाइक प्रीमियम इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर सेगमेंट में बड़ी प्रतिस्पर्धा पेश करेगी।

## मुंबई में जल्द शुरु होगा टेस्ला का पहला चार्जिंग स्टेशन

**नई दिल्ली।**

भारत में अमेरिका की इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला अपना पहला चार्जिंग स्टेशन अगले हफ्ते मुंबई में शुरू करने जा रही है। यह स्टेशन टेस्ला की अत्याधुनिक वी4 सुपरचार्जिंग तकनीक से लैस होगा। यह हाई-टेक चार्जिंग स्टेशन मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित मेकर मैक्सिटी परिसर में स्थापित किया गया है, जहां पहले ही कंपनी का एक्सपीरियंस सेंटर मौजूद है। इस चार्जिंग स्टेशन में कुल 8 चार्जिंग यूनिट्स होंगे, जिनमें 4 सुपरचार्जिंग स्टॉल्स और 4 डेस्टिनेशन चार्जर्स शामिल हैं। सुपरचार्जर 250 किलोवॉट की स्पीड से कार को केवल 20 से 30 मिनट में लगभग फुल चार्ज कर सकता है। इसके लिए ग्राहक को रुपए 24 प्रति किलोवॉट की दर से भुगतान करना होगा। वहीं, डेस्टिनेशन चार्जर की क्षमता 11 किलोवॉट होगी और इसके लिए रुपए 14 प्रति किलोवॉट शुल्क लिया जाएगा। अभी यह चार्जिंग स्टेशन सिर्फ टेस्ला कारों के लिए उपलब्ध होगा, यानी अन्य ब्रांड्स की ईवी यहां चार्ज नहीं की जा सकेंगी। यह इसे भारत के मौजूदा चार्जिंग नेटवर्क से अलग बनाता है, जहां टाटा पावर, एथर, स्टाटीक जैसी कंपनियां मल्टी-ब्रांड चार्जिंग विकल्प देती हैं और स्पीड आमतौर पर 3.3 केडब्ल्यू से 60 केडब्ल्यू के बीच होती है।




# भारत का म्युचुअल फंड सेक्टर अब 74.4 लाख करोड़ एयूएम पर पहुंचा

## निवेश ज्यादातर कॉर्पोरेट बॉन्ड और कॉन्स्टेंट मैच्योरिटी स्ट्रैटेजी में हुआ

**नई दिल्ली।** भारत का म्युचुअल फंड सेक्टर अब 74.4 लाख करोड़ के एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) तक पहुंच गया है, जिसमें पिछले 10 सालों में सात गुना की ग्रोथ हुई है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में सामने आई है। म्युचुअल फंड इंडस्ट्री में सबसे बड़ा हिस्सा अब भी इक्विटी फंड्स का है, जो कुल एयूएम का 59.94 फीसदी है। डेट फंड्स का हिस्सा 26.53फीसदी है, जबकि हाइब्रिड फंड्स 8.28फीसदी योगदान दे रहे हैं। बाकी अन्य फंड्स 5.26फीसदी हिस्सेदारी रखते हैं। इस तिमाही जून 2025 में डेट फंड्स में 2.39 लाख करोड़ का शुद्ध निवेश हुआ है, जो पिछली तिमाही में हुए आउटफ्लो के उलट है। ये निवेश ज्यादातर कॉर्पोरेट बॉन्ड और कॉन्स्टेंट मैच्योरिटी स्ट्रैटेजी में हुआ है, जो बदलती ब्याज दरों की वजह से संस्थागत निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। इस तिमाही में कुल 3.98 लाख करोड़ का निवेश हुआ, जिसमें से इक्विटी फंड्स में करीब 64फीसदी हिस्सा ब्रॉड-बेस्ड फंड्स में गया, जबकि 31फीसदी निवेश आर्बिट्राज फंड्स में आया। रिपोर्ट के मुताबिक पैसिव फंड्स का निवेशकों के बीच क्रेज़ बढ़ रहा है। अब ये कुल एयूएम का 17फीसदी हिस्सा बन चुके हैं। क्यू2 2025 में पैसिव फंड्स में 36,000 करोड़ का निवेश हुआ, जबकि एक्टिव स्ट्रैटेजीज में 3.62 लाख करोड़ का। इक्विटी के अंदर ब्रॉड-बेस्ड पैसिव फंड्स ने 106फीसदी का योगदान यह दर्शाता है कि निवेशक अब बड़े इंडेक्स और ब्लूचिप फंड्स पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं।

# अब डाकघर में बैंकिंग करने अंगूठा लगाने और ओटीपी की झंझट खत्म

## आईपीपीबी ने लेन-देन के लिए शुरु की फेस ऑथेंटिकेशन सेवा



**नई दिल्ली।** अब डाकघर जाकर बैंकिंग करने न तो अंगूठा लगाने और न ही ओटीपी की झंझट...रहेगी। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) ने देशभर में आधार आधारित फेस ऑथेंटिकेशन सेवा की शुरुआत की है, जिससे अब ग्राहक केवल अपने चेहरे से ही खाता खोल सकेंगे, बैलेंस देख पाएंगे, पैसे भेज सकेंगे और बिल का भुगतान भी कर सकेंगे। यह सेवा उन लोगों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगी जो अब तक अंगूठे की पहचान या ओटीपी सिस्टम से जुड़ी तकनीकी दिक्कतों से जूझते रहते थे। बुजुर्गों, दिव्यांगों, और दूरदराज़ के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए यह तकनीक बैंकिंग को आसान बना देगी। फेस ऑथेंटिकेशन सिस्टम को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के मानकों पर विकसित किया गया है। यह पहल डिजिटल इंडिया अभियान को मजबूत करने के साथ-साथ एक ऐसा सिस्टम तैयार करती है जो पूरी तरह संपर्करहित और सुरक्षित है। आईपीपीबी के मुताबिक यह सेवा जल्द ही पूरे देश के 1.6 लाख डाकघरों और 3 लाख से ज्यादा पोस्टल कर्मियों के जरिए ग्राहकों तक पहुंचाई जाएगी। यह कदम आपका बैंक, आपके द्वार मिशन के तहत वित्तीय समावेशन को और गहरा करने की दिशा में एक बड़ा परिवर्तन है। महामारी या किसी भी स्वास्थ्य आपातकाल की स्थिति में जब शारीरिक संपर्क से बचना अनिवार्य हो जाता है, उस समय यह फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक बेहद कारगर सिद्ध होगी। इससे न सिर्फ लेनदेन तेज और आसान होगा, बल्कि बैंकिंग सेवाएं सभी के लिए ज्यादा सुलभ और सुरक्षित बनेंगी।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 308 अंक , निफ्टी 73 अंक गिरा

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही तेल, गैस और फार्मा शेयरों में हुई बिकवाली से आई है हालांकि अंत में बाजार ने रिकवरी भी की जिससे गिरावट पर कुछ हद तक लगाम लगी। अमेरिका के 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा से भी भी बाजार पर दबाव आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 308 अंक गिरकर 80,710.25 पर बंद हुआ वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 73. 20 अंक नीचे आकर 24,649.55 पर बंद हुआ। आज कामकाज के दौरान ऑटो इंडेक्स 0.4 फीसदी बढ़ा जबकि आईटी, बैंक, तेल एवं गैस, एफएमसीजी, फॉर्मा में 0.5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। इसके अलावा स्मॉलकैप इंडेक्स और बीएसई मिडकैप हल्की गिरावट रही। वहीं एनएसई पर अदानी एंटरप्राइजेज, इंफोसिस, अदानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक सबसे ज़्यादा गिरे जबकि टाइटन कंपनी, एसबीआई लाइफ, ट्रेंट, मारुति सुजुकी, इंडसइंड बैंक के शेयरों में बढ़त रही।

एशियाई बाजारों की बात करें तो शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, हांगकांग का हैंगसेंग और जापान का निक्केई 225 अंक ऊपर उठकर बंद हुआ. वहीं यूरोपीय बाजार हरे निशान में कारोबार कर रहे थे जबकि. अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सोमवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 2,566.51 करोड़ की इक्विटी बेची. वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 4,386.29 करोड़ रुपए मूल्य की इक्विटी की खरीदारी की। वहीं गत दिवस




बाजार बढ़त पर बंद हुआ। था।

इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट पर खुला। बाजार में ये गिरावट दुनियाभर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इसके अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत पर अधिक अधिक टैरिफ लगाने की नई धमकी से भी बाजार पर दवाव पड़ा है। सुबह सेंसेक्स गिरावट के बाद ही 80,634.61 पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी भी 24,608.95 पर फिसल गया। सुबह के कारोबार के दौरान निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 0.71 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 0.38 फीसदी टूटकर कामकाज कर रहा था।

सेक्टोरल फ्रंट पर, निफ्टी में सबसे अधिक 0.55 फीसदी की गिरावट रही। निफ्टी बैंक 0.12 फीसदी और निफ्टी आईटी इंडेक्स 0.25 फीसदी गिरा। जानकारों के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीद को लेकर भारत पर टैरिफ बढ़ाने की धमकी दी है, जिससे बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

# सीआईएल ने बिजली की मांग को पूरा करने 90 करोड़ टन आपूर्ति का रखा लक्ष्य



**कोलकाता।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने और आयात पर निर्भरता कम करने की रणनीति के तहत चालू वित्त वर्ष के लिए 90.02 करोड़ टन का आपूर्ति का लक्ष्य तय किया है। यह पिछले साल की तुलना में 18 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि दर्शाता है। देश की सबसे बड़ी कोयला कंपनी की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में पेश परिदृश्य के मुताबिक कुल कोयला प्रेषण का करीब 74 फीसदी अकेले बिजली क्षेत्र में ही इस्तेमाल होने का अनुमान है। यह देशभर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति तय करने में सीआईएल की भूमिका को रेखांकित करता है। मीडिया रिपोर्ट में सीआईएल ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बिजली क्षेत्र से अनुमानित मांग 66.81 करोड़ टन है। कंपनी का लक्ष्य बिजली और गैर-विनियमित उपभोक्ताओं की सभी जरूरतों को पूरा करने के साथ आयातित कोयले का विकल्प भी चुनना है। कंपनी ने कहा कि सीआईएल का वृद्धि खाका सरकार के हर घर में 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य के अनुरूप है। इसके लिए 2028-29 तक उत्पादन को एक अरब टन करने की योजना है। कोल इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ने कहा कि कंपनी रणनीतिक विविधीकरण और परिसंपत्तियों के मौद्रीकरण के जरिये अपने कारोबार को भविष्य के लिए सुरक्षित बनाने के प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी देश के ऊर्जा बदलाव लक्ष्यों के साथ तालमेल करने और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने की व्यापक योजना के तहत कोयला गैसीकरण, कोलबेड मीथेन (सीबीएम) निकासी, सौर ऊर्जा उत्पादन और अहम खनिजों की खोज में परियोजनाओं को सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रही है।

# यूपीआई-आधारित दैनिक लेनदेन की संख्या पहली बार 70.7 करोड़ तक पहुँची

**नई दिल्ली।**

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के ताजा आँकड़ों के मुताबिक, 2 अगस्त 2025 को यूपीआई-आधारित दैनिक लेनदेन की संख्या पहली बार 70.7 करोड़ तक पहुँच गई। यह एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन बीते वर्षों की तुलना में इसकी वृद्धि दर धीमी रही है।

इस उपलब्धि के साथ, यूपीआई के भविष्य को लेकर सवाल उठ रहे हैं। मोदी सरकार ने प्रतिदिन 100 करोड़ लेनदेन का लक्ष्य रखा है, और सरकार को उम्मीद है कि यह अगले साल तक हासिल हो जाएगा। हालांकि, फिनटेक कंपनियों और भुगतान संघों का मानना है कि इस लक्ष्य तक पहुँचने के लिए मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) को फिर से लागू करना चाहिए।

### क्या है एमडीआर?

दरअसल एमडीआर वह शुल्क है जो बैंक डिजिटल भुगतान की प्रक्रिया के लिए व्यापारियों से लेते हैं। यह आमतौर पर लेनदेन मूल्य का 1 से 3 प्रतिशत तक होता है। दिसंबर 2019 में, मोदी सरकार ने रुपये डेबिट कार्ड और भीम-यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर माफ कर दिया था। मोदी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025 में यूपीआई के लिए सब्सिडी घटाकर 1,500 करोड़ कर दी है, लेकिन उसने एमडीआर की मांग को स्वीकार नहीं किया है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने हाल ही में कहा कि यूपीआई को वित्तीय रूप से सस्टेनेबल बनाया जाना चाहिए, क्योंकि कोई न कोई तब इस लागत को




वहन करेगा ही।

यह देखना बाकी है कि क्या एमडीआर को फिर से लागू किया जाएगा या फिर यूपीआई इंफ्रास्ट्रक्चर का खर्च उपयोगकर्ताओं को उठाना पड़ेगा। इस बीच, यूपीआई ने दैनिक लेनदेन की मात्रा में वैश्विक भुगतान दिग्गज वीज़ा को पीछे छोड़ दिया है और अब यह भारत के सभी डिजिटल लेनदेन का करीब 85 प्रतिशत संभालता है।

# फैबइंडिया ने पेश किया पारंपरिक कारीगरी से सजा राखी कलेक्शन


**इंदौर ।**




फैबइंडिया ने रक्षाबंधन 2025 के शुभ अवसर पर अपना नया फेस्टिव कलेक्शन लॉन्च कर दिया है। यह कलेक्शन पारंपरिक भारतीय कारीगरी और आधुनिक डिजाइन सौंदर्य का एक सुंदर संगम है, जो भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को कोमलता और गरिमा के साथ दर्शाता है। इस साल का कलेक्शन मुख्य रूप से गुलाबी रंग-पैलेट पर केंद्रित है, जिसमें हल्के गुलाबी से लेकर गहरा गुलाबी और फ्यूशिया जैसे जीवंत रंग शामिल हैं। कपड़ों को पारंपरिक खड़ी प्रिंटिंग और मेटैलिक एम्ब्रॉयडरी जैसी खास कारीगरी से सजाया गया है, जो उन्हें एक विशेष फेस्टिव लुक और चमक प्रदान करते हैं। यह कलेक्शन कपड़े और होम एंड लाइफस्टाइल दोनों श्रेणियों में उपलब्ध है। यह नया कलेक्शन राखी पर तोहफा देने के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। इसमें कपड़ों के साथ-साथ खास गिफ्टिंग सेट भी शामिल हैं, जो प्यार और अपनापन दर्शाते हैं। फैबइंडिया का यह रक्षाबंधन 2025 कलेक्शन अब कंपनी की वेबसाइट **www.fabindia.com** पर उपलब्ध है।



# रामायण के लिए रणबीर कपूर ने छोड़ दी इस दिग्गज सिंगर की बायोपिक



रणबीर कपूर इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म रामायण की तैयारियों में व्यस्त हैं। उन्हें जब यह फिल्म ऑफर हुई, उसी समय उनके पास दिवंगत सिंगर किशोर कुमार की बायोपिक का प्रस्ताव भी आया था। दोनों में से एक फिल्म को चुनना उनके लिए चुनौती थी। हालांकि, रणबीर ने किशोर कुमार की बायोपिक को छोड़कर रामायण साइन की। इसका खुलासा हाल ही में अनुराग बसु ने किया है।

## मुश्किल था रणबीर के लिए यह फैसला

निर्देशक अनुराग बसु ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया कि रणबीर कपूर ने सिंगर की बायोपिक के बजाय रामायण को चुना। हालांकि, यह फैसला करना उनके लिए बहुत मुश्किल था। मगर, उन्होंने सही फैसला कर लिया। अनुराग बसु ने बातचीत के दौरान बताया कि शेड्यूल में टकराव के चलते रणबीर को दोनों प्रोजेक्ट्स यानी रामायण और किशोर कुमार की बायोपिक में से किसी एक को चुनना पड़ा। उन्होंने कहा, रणबीर के लिए यह जिंदगी में एक मुश्किल चुनाव था। किशोर कुमार की बायोपिक या रामायण। उनके लिए यह बहुत मुश्किल था। आखिरकार उन्होंने रामायण को चुना और मुझे लगता है कि यह सही फैसला था।

## अनुराग बसु की इन फिल्मों में काम कर चुके हैं रणबीर

रणबीर कपूर और अनुराग बसु पहले भी कई बार साथ काम कर चुके हैं। इनमें बर्फी (2012) और जग्गा जासूस (2017) जैसी फिल्में शामिल हैं। हालांकि, दोनों ने फिर से साथ काम करने की इच्छा जताई। मगर, इस बार रणबीर कपूर के व्यस्त शेड्यूल के चलते ऐसा नहीं हो पाया। अनुराग बसु ने आगे कहा, हम साथ काम करने की कोशिश करते रहते हैं, लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा है।



# सन ऑफ सरदार 2 की रिलीज होने पर खुशी से झूमीं मृणाल ठाकुर

## बोलीं- इससे बेहतर जन्मदिन का तोहफा नहीं

बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन और मृणाल ठाकुर की फिल्म सन ऑफ सरदार 2 सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस खास मौके पर अभिनेत्री ने एक पोस्ट के जरिए बताया है कि उनके लिए ये जन्मदिन का सबसे खास तोहफा था। मृणाल अपना 33वां जन्मदिन मना रही हैं।

### मृणाल ठाकुर ने किया पोस्ट

एक्ट्रेस के लिए ये दिन खास रहा क्योंकि फिल्म की रिलीज ठीक उनके जन्मदिन पर हुई। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी भावनाएं शेयर करते हुए लिखा कि इससे बेहतर तोहफा उन्हें नहीं मिल सकता था। फिल्म की स्क्रीनिंग पर उनके करीबी दोस्त, परिवार और टीम मेंबर्स मौजूद थे। सभी ने मिलकर इस दिन को यादगार बना दिया। एक्ट्रेस ने दर्शकों और टीम का आभार जताते हुए कहा कि ये जर्नी उनके लिए हमेशा खास रहेगी।

### मृणाल ने पोस्ट में क्या लिखा?

एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में लिखा- मैं अपने जन्मदिन की शुरुआत इससे बेहतर तरीके से नहीं कर सकती थी। सन ऑफ सरदार 2 आखिरकार रिलीज हो गई है और इस खास मौके पर मेरे सभी अपने मेरे साथ थे। ये पल मेरे दिल के बहुत करीब रहेगा- हमेशा। ये फिल्म पागलपन, जादू और बेहद शानदार, प्यारी और टैलेंटेड टीम से भरी हुई है। और अब राबिया दुनिया के सामने है- मुझे उम्मीद है कि आप उसे उतना ही प्यार देंगे जितना मैंने किया और अपने दिलों में उसके लिए थोड़ी सी जगह भी बना पाएंगे। हर उस इंसान का तहे दिल से शुक्रिया, जो इस छोटी-सी यात्रा का हिस्सा बना।

सन ऑफ सरदार 2 में अजय देवगन एक बार फिर जस्सी रंधावा के किरदार में अपने देसी अंदाज और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस के साथ लौटे हैं। उनके साथ मृणाल ठाकुर राबिया की भूमिका में नजर आईं।नीरू बाजवा डिंपल के रोल में और रवि किशन राजा के किरदार में दमदार नजर आए। फिल्म की सपोर्टिंग स्टारकास्ट में दीपक डोबरियाल (गुल), चंकी पांडे (दानिश), कुब्रा सैत (महविश), संजय मिश्रा (बंटू पांडे), अश्विनी कालसेकर (प्रेमलता), डॉली अहलूवालिया (बेबे), मुकुल देव (टोनी), विंदू दारा सिंह (टीटू), साहिल मेहता (गोग्गी), रोशनी वालिया (सबा) और शरत सक्सेना (रंजीत सिंह) शामिल हैं।



# परम सुंदरी के परदेसिया पर बोले सचिन-जिगर

संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर ने अपकमिंग फिल्म 'परम सुंदरी' के गाने 'परदेसिया' पर बात की और कहा कि उनका मकसद एक ऐसा गाना बनाना था जो टाइमलेस हो यानि समय की बाधा से मुक्त हो, जिससे हर वर्ग और पीढ़ी इसे दिल की गहराइयों से स्वीकार कर सके। परम सुंदरी के परदेसिया गाने को फिल्ममेकर्स ने 30 जुलाई को रिलीज कर दिया है। सचिन-जिगर ने एक संयुक्त बयान में कहा, 'परदेसिया' एक ऐसा गाना है जिसमें भावनाएं, आवाज और लेखन पूरी तरह एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। हम चाहते थे कि यह गाना ऐसा हो जो नया होने के बावजूद लोगों के दिलों में बरसों से बसा हुआ लगे।

उन्होंने बताया कि गायक सोनू निगम की आवाज और उनके जन्मदिन पर गाने का रिलीज होना एक खास संयोग था। उन्होंने बताया, सोनू जी की आवाज में एक दर्द के साथ गहराई भी है। कृष्णकली की आवाज ने गाने को और भी आकर्षण देने का काम किया है। तीनों आवाजों का मेल इस गाने को और भी खास बनाता है। उन्होंने गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य की तारीफ करते हुए कहा, उनके शब्द भावनाओं को खूबसूरती से पेश करते हैं। वह शब्दों को नहीं, भावनाओं को लिखते हैं। रोमांस सिनेमा में वापसी कर रहा है और 'परदेसिया' के जरिए हम प्यार के साथ स्लो डांस को फिर से लेकर आए हैं।

# बॉलीवुड के बाद अब तेलुगु सीरीज में नजर आएंगी दिव्या दत्ता

मशहूर अभिनेत्री दिव्या दत्ता बॉलीवुड फिल्मों में अपनी अदाकारी से दर्शकों को दीवाना बनाने के बाद अब तेलुगु मनोरंजन जगत में भी जलवा बिखेरने को तैयार हैं। एक्ट्रेस मायासभा नाम के वेब सीरीज से तेलुगु इंडस्ट्री में कदम रख रही हैं, जिसका ट्रेलर भी गुरुवार को रिलीज कर दिया गया।

### एक्ट्रेस ने शेयर किया पोस्ट

दिव्या दत्ता ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी तेलुगु वेब सीरीज मायासभा का ट्रेलर शेयर किया। इस ट्रेलर में एक्ट्रेस राजनेता के रूप में नजर आ रही हैं और उनकी प्रेजेंस ने सीरीज में जान डालने का काम किया है। इस ट्रेलर को शेयर करते हुए दिव्या दत्ता ने कैप्शन में लिखा, 'एक ऐसी कहानी, जिसने राज्य की किस्मत बदल दी।'

### लंबे समय से तेलुगु सिनेमा में आना चाहती थीं एक्ट्रेस

बातचीत में दिव्या दत्ता ने कहा, 'पहली बार हमेशा खास होता है और मैं लंबे समय से तेलुगु सिनेमा का हिस्सा बनना चाहती थी। बॉलीवुड और साउथ फिल्मों के बीच बढ़ते तालमेल के साथ मुझे इस शो के साथ शुरुआत करने पर गर्व है।' इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी आगामी सीरीज बहुत ही शानदार होने वाली है। उन्होंने अपने निर्देशक और क्रू मेंबर्स का धन्यवाद किया है, जिनके कारण वह तेलुगु में डेब्यू कर रही हैं।



# मजबूत महिला किरदार निभाना पसंद है

अभिनेत्री परिणीता बोरठाकुर जल्द ही जी टीवी के लोकप्रिय शो वसुधा में खास किरदार में नजर आएंगी। नई और प्रभावशाली भूमिका निभाने के लिए तैयार अभिनेत्री ने बताया कि शो में उनके किरदार का नाम चंद्रिका सिंह चौहान है, जो एक परिवार मुखिया का सशक्त और दमदार किरदार है।

परिणीता ने बताया कि किसी चल रहे शो में बीच में किसी किरदार को निभाना अपने आप में कई चुनौतियां लेकर आता है, लेकिन वह इसे एक बड़े अवसर के रूप में देखती हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि उन्हें मजबूत महिला किरदारों वाली कहानियां पसंद हैं।

परिणीता ने अपने किरदार के बारे में बताया, वासुधा जैसे शो का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत रोमांचक है। यह शो पहले से ही दर्शकों के बीच लोकप्रिय है और हाल ही में टीवी इंडस्ट्री के टॉप 10 शोज में शामिल हुआ है। बीच में किसी किरदार को अपनाना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन मैं इसे एक अवसर के रूप में देखती हूं, जिसके जरिए मैं एक ऐसी कहानी का हिस्सा बन सकती हूं, जो पहले से ही लाखों लोगों के दिलों को छू चुकी है। उन्होंने आगे कहा, मुझे हमेशा से गहरी भावनाओं और मजबूत महिला किरदारों वाली कहानियां पसंद रही हैं। चंद्रिका के किरदार के बारे में जानते ही मुझे उससे तुरंत जुड़ाव महसूस हुआ। वह एक ऐसी महिला है जो शांत, दमदार और दृढ़ विश्वास के साथ परिवार का नेतृत्व करती है। मैं इस किरदार में अपनी शैली लाने की कोशिश करूंगी, साथ ही उस मूल भावना को बनाए रखूंगी, जिसे दर्शकों ने पसंद किया है।

वसुधा की कहानी में करिश्मा और मेघा की साजिशों के बीच चंद्रिका एक स्थिर और मजबूत किरदार के रूप में उभरती है, जो अनुशासन और गरिमा के साथ परिवार को संभालती है।

परिणीता ने कहा, चंद्रिका का किरदार भावनात्मक मुश्किलों और सिद्धांतों से भरा है। इसे निभाना मेरे करियर का सबसे रचनात्मक अनुभव रहा है। मैं उम्मीद करती हूं कि दर्शक मेरे इस किरदार को अपनाएंगे। पहले इस किरदार को नौशीन अली सरदार ने निभाया था। निर्माता अरविंद बब्बल ने बताया, नौशीन ने चंद्रिका के किरदार को बहुत खूबसूरती और गरिमा के साथ निभाया। हम उनके योगदान के लिए आभारी हैं। अब परिणीता बोरठाकुर का स्वागत करते हुए हमें खुशी है। वह एक संवेदनशील और प्रतिभाशाली अभिनेत्री हैं, जिन्होंने चंद्रिका के व्यक्तित्व को गहराई से समझा है।





# अभिषेक बच्चन की स्ट्रीमिंग में सफलता और स्मार्ट चुनाव

ऐसे इंडस्ट्री में जहाँ अटेन्शन क्षण भर के लिए होता है और डिजिटल दर्शकों को खुश करना बेहद कठिन माना जाता है, अभिषेक बच्चन उन गिने-चुने अभिनेताओं में से हैं जिन्होंने न केवल ओटीटी के दौर में खुद को बनाए रखा है, बल्कि इस माध्यम को बखूबी साधा भी है। हाल ही में विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर उनके एक से बढ़कर एक प्रभावशाली प्रदर्शन यह साबित कर रहे हैं कि आज की सफलता शोर मचाने में नहीं, बल्कि सही चुनाव करने में है। चाहे वह तीखी व्यंग्यात्मक फिल्म हो, भावनात्मक ड्रामा हो या फिर दिल को छू लेने वाली हल्की-फुल्की कहानी— अभिषेक ने ऐसी कहानियों के साथ तालमेल बिठाया है जो दिल को छूती हैं और ऐसे किरदार निभाए हैं जो सीमाओं को चुनौती देते हैं। उदाहरण के लिए, अमेज़ॅन प्राइम वीडियो की हिट फिल्म बी हैप्पी को ही ले लीजिए, जो रिलीज़ होते ही नंबर 1 पर ट्रेंड करने लगी। इस फिल्म की गर्मजोशी, हास्य और रिलैटेबिलिटी ने हर उम्र वर्गों के लोगों को प्रभावित किया, और कई लोगों ने इसे साल की सबसे सुकून देने वाली फिल्मों में से एक बताया। इससे पहले नेटफ्लिक्स पर आई वांट टू टॉक आई थी, जो न केवल स्ट्रीमिंग पर सफल रही, बल्कि हर जगह चर्चा का विषय बन गई, और अभिषेक को उनके बहुस्तरीय, संयमित अभिनय के लिए कई पुरस्कार मिले।

शिक्षा व्यवस्था पर आधारित सामाजिक कॉमेडी दसवी नेटफ्लिक्स इंडिया के चार्ट में टॉप पर पहुँच गई और अपने तीखे संदेश और कॉमिक टाइमिंग के लिए जानी गई। वहीं कालीधार लापता ने उनकी डिजिटल जर्नी को एक और बेहतरीन और समीक्षकों द्वारा सराही गई भूमिका के साथ पूरा किया, जो दिखाता है कि वह किस तरह से सहजता से विभिन्न शैलियों और माध्यमों के बीच बदलाव करते हैं।



# सफलता बहुत से एक्टर्स को पैरालाइज कर देती है, यहां खुद को बचा लेना सबसे बड़ी उपलब्धि

**गुलाल, चमेली, हासिल और अतरंगी रे जैसी दर्जनों फिल्में कर चुके एक्टर पंकज झा ने वेब सीरीज पंचायत के विधायक चंद्रकिशोर सिंह के रूप में अपनी एक्टिंग का सिक्का जमा दिया। इन दिनों वह अपनी नई वेब सीरीज सरपंच साहब के लिए चर्चा में हैं, जिसे लेकर हुई खास बातचीत के दौरान उनके व्यक्तित्व के कई अनछुए पहलुओं के बारे में रोचक खुलासे हुए।**

### साइडलाइन हो रहे हाइब्रिड एक्टर

अपनी जिंदगी को एक अलग ही दर्शन से जीने वाले पंकज झा पंचायत के विधायक चंद्रकिशोर सिंह के बाद वेब सीरीज सरपंच साहब में भी नेता त्रिवेणी सिंह की भूमिका में नजर आए। ऐसे में, कहीं इंडस्ट्री के आम चलन के मुताबिक, वह भी नेता के रोल में दोहराव या टाइप कास्टिंग के शिकार तो नहीं हो रहे? इस सवाल पर वह कहते हैं, नहीं, मेरे साथ ऐसा कुछ नहीं हो रहा है, क्योंकि मैं किसी इंडस्ट्री से बिलॉन्ग ही नहीं करता हूं। मेरी अपनी खुद की इंडस्ट्री है। मैं यह सब रंग अपने ऊपर नहीं चढ़ने देता हूं। मेरी अभी किताब आई है- अज्ञात से ज्ञात की ओर, जो मैंने अमिताभ बच्चन जी को गिफ्ट की। उन्होंने मेरी कविता ट्वीट भी की, तो लोग मुझे लेखक भी बोलते हैं।

### मैं कोई आज का एक्टर तो हूं नहीं

पुणे में मेरा अपना स्टूडियो है। जहांगीर आर्ट गैलरी में मेरी चित्रों की प्रदर्शनी लगी तो लोग मुझे पेंटर भी बोलते हैं, ऐसे में मैं इस बात की क्या फिक्र करूंगा कि लोग मुझे नेता के रोल में देख रहे हैं। मैं कोई आज का एक्टर तो हूं नहीं। मेरी पूरी जर्नी है। मैं एनएसडी रेपेट्री में था। फिर मीरा नायर, राम गोपाल वर्मा वगैरह के साथ मैंने गुलाल, ब्लैक फ्राइडे, चमेली जैसी 50 से ऊपर फिल्में की हैं। मैंने अपने ऊपर काम किया है। ओशो की थेरेपी, ध्यान-मेडिटेशन में खुद को लगाया है।

### मैं जब अभिनय करता हूं तो उस पात्र को जीता हूं

पंकज झा ने आगे बताया, एक्टिंग की बारीकियां, एक्टिंग क्या होता है, एनर्जी कैसे वर्क करती है? इन चीजों पर मैंने बहुत काम किया है। ओशो ने कहा था कि जीवन ऐसे जियो, जैसे अभिनय कर रहे हो और अभिनय ऐसे करो, जैसे जीवन जी रहे हो। मेरी यही फिलॉसफी है। मैं जब अभिनय करता हूं तो उस पात्र को जीता हूं, वही जिंदापन लोगों को छूता है, क्योंकि अब फेक, झूठी फिल्में, जिनका रिएलिटी से कोई वास्ता नहीं है, उसे लोग नहीं देख रहे हैं। इसलिए जो हाइब्रिड वाले एक्टर हैं, वो साइडलाइन हो रहे हैं। त्रिवेणी सिंह नेता है, मगर बहुत प्यार किरदार है, जो पूरे गांव को जागरूक करता है।

### जिसके पास जितना वक्त, वो उतना धनी

पंकज अपनी जिंदगी का मकसद लोगों को अपने अर्जित ज्ञान को लौटाना मानते हैं। बकौल पंकज झा, मेरे गुरु ने कहा था कि उनका ऋण आप एक ही शर्त पर चुका सकते हैं कि गुरु से जो भी मिला है वो दुनिया को बांट दो। इसलिए, मैं अपने शब्दों, अपनी लेखनी, अपनी चित्रों के जरिए उसे लौटाने की कोशिश करता हूं। उन्होंने हमें मौत को आगे करके जीना सिखाया है कि हम कभी भी इस दुनिया से जा सकते हैं। हम सब यहां मेहमान हैं, तो जब तक हो, अच्छे से रहो।

### मेरे लिए सफलता का मापदंड यह है कि आप आज में कितने जिंदा हैं

हर रोज आसपास के लोग दुनिया से जा रहे हैं। जब एक बार आपको यह अहसास हो जाएगा कि ये दुनिया आपका घर नहीं है तो आपकी जिंदगी से तनाव, भविष्य की चिंता, दिखावा, बेईमानी, ये सब खत्म हो जाएगी। आप जिंदगी को जीने लगेंगे कि अरे, इतनी सुंदर जिंदगी है और हम किन चीजों में उलझे हुए हैं। मैं दुनिया में उसको धनी मानता हूं, जिसके पास खुद के लिए समय है। मेरे लिए सफलता का मापदंड यह है कि आप आज में कितने जिंदा हैं। जैसे, मेरा कोई अतीत नहीं है, इसलिए मेरा कोई भविष्य भी नहीं है। मैं इस पल में जीता हूं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in